में दो स्टेशन हैं। एक सेन्ट्रल रेलवे का और दूसरा सदर्न रेलवे का। जो गाड़ी हुबली-बीजापुर-गडक जाती है उसको आप ब्राडगेज कर रहे हैं। आप आए हैं उधर से, उल्टे आए हैं। ठीक है, कोई दिक्कत नहीं है। मंत्री जहां रहते हैं वहां से शुरूआत होती है, कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन मुझे खुशी इस बात की है कि आपकी जोनल जो पद्धति है, उसमें वहां सोलापुर सैंट्रल स्टेशन जो है उसके आधे फलांग पर सदर्न रेलवे का सोलापुर का रेलवे स्टेशन भी है। दोनों लाइनें सिमिलर जा रही हैं, साथ-साथ जा रही हैं। अंतर उनका ज्यादा नहीं है। उनमें आधे-पाव फलांग का अंतर होगा। लेकिन मंत्रालय के रेलवे बोर्ड ने निर्णय किया है कि हम ब्राडगेज करेंगे। सैंट्रल रेलवे भी आपकी है और सदर्न रेलवे भी आपकी है। हमने सुझाव दिया था कि यह जो रेलवे लाइन है इसको शिफ्ट करिए, इसको सेंट्रल रेलवे लेले और हुटकी तक लाइए ताकि खर्चा कम हो जाए। ताकि आपका खर्च भी कम हो जाए। आप ऐसा क्यों नहीं सोचते हैं? आप सोचते हैं कि लाइन आगे जाती है फिर पांच किलोमीटर आगे टिकेकरवाड़ी है वहां से आप कनवर्शन लेना चाहते हैं। मैं धन्यवाद देना चाहता हूं पूर्व रेल राज्य मंत्री श्री सुरेश कलमाडी जी को जिन्होंने शोलापुर रेलवे स्टेशन के लिए 50 लाख रुपया रेनोवेशन के लिए और रिबिल्डिंग के लिए दे दिया था। काम यहां तक शुरू हो गया, कहां तक प्लानिंग हो गई, पता नहीं है लेकिन मैं आपसे खर्च बचाने के लिए कहना चाहता हूं। आप उसमें 10 लाख रुपये, 15 लाख रुपये दे दीजिये, मुझे ऐतराज नहीं है और वहां आप दो तीन रूम्स बनाइये, सैंट्रल रेलवे का बुकिंग आफिस बनाइये, वह स्टेशन सैंट्रल रेलवे के आफिस में करा दीजिये क्योंकि आपकी जो गाड़ियां हैं वह सुबह 10 बजे आती-जाती है और शाम को पांच-छ: बजे इनका टाइम क्रास नहीं होता है। ज्यादा ट्रैफिक लाइन पर नहीं आ सकता। इसलिए वह पैसा डाइवर्ट कर के वहां रूम बना दीजिये। यह लाइन आगे हुटगी तक ले जाइये। मैं यह इसलिए बताना चाहता हूं, मैंने शिफि्टंग आफ लाइन का इसलिए सुझाव दिया क्योंकि शोलापुर सिटी में से वह लाइन जाती है। जहां से यह लाइन जाती है वहां पर मेन गेट है जहां एक आदमी उस गेट को हैंडल करता है और बार-बार ट्रेफिक रोका जाता है। इससे बचने के लिए आपको ओवर ब्रिज बांधना है और ओवर ब्रिज बांधने के लिए आपका 6-7 करोड़ रुपया खर्च होता है। आपका फार्मूला फिफ्टी-फिफ्टी का है। इससे बचने के लिए यदि एक बड़ी लाइन है तो उसमें कारपोरेशन का भी पैसा बच जाएगा, आपका भी बच जाएगा अर्थात् दो तीन करोड़ बच जाएगा। यह कोई आसान बात नहीं है। मुझे खुशी है कि रेलवे बोर्ड के आफिसर्ज़ ने खर्च को कम करने के लिए सोचा है, तय किया है, तय किया है, ऐसी मेरी जानकारी है। लेकिन आप ज़रा देखिये कि खर्च कैसे कम किया जाए। खर्च कम करने में भी थोड़ी स्किल होती है इसलिए में राज्य मंत्री जी को बता रही हूं, फॉरमर कंट्रोलर जनरल साहब भी ऊपर बैठे हुए हैं, उनको भी पता है कि किस तरह से पैसा कम खर्च करना है। तो यह रास्ता हो सकता है। जैसे ज़ीरो बेस्ड बजटिंग में हम कुछ ऐसे निर्णय लेते हैं कि यहां पैसा कट कर दो और जाहं जरूरी है वहां खर्च कर दो। तो यह सोचना है कि क्या रेलवे के लिए भी ज़ीरो बेस्ड बजटिंग जरूरी है। मैं समझता हूं कि इस पर काफी टीका-टिप्पणी भी हो सकती है। जैसे आमरीका में कारपोरेट बॉडीज़ में ज़ीरों बेस्ड बजटिंग एक बार हो गया था। हमने महाराट्र में एक बार इसे स्वीकार किया फिर हमारे ऊपर भी टीका-टिपणी होने लगी। इसके लिए दिल बड़ा करना पड़ता है लेकिन बाद में हमारा फार्मूला निवर्ट हो गया। जिसे चाहिये जैसे मैं आ गया पांच रुपया चाहिये तो दे दिया, वह आ गया, 10 रुपया चाहिये तो उसे दे दो। प्लानिंग में हमें कभी कभी बहुत रिजिड होना पड़ेगा। उसकी दृष्टि आगे आने वाले 15 साल तक रखनी होगी। जैसे पिछली सरकार ने तय किया था कि छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों में कनवर्ट करना होगा। यह काम पांच साल में होने वाला नहीं है। चाहे अगले साल सरकार हमारी सरकार आए या नहीं आए, इसका कोई सवाल नहीं है लेकिन देश की भलाई के लिए कुछ प्लानिंग करोगे या नहीं करोगे? इसलिए मेरे साथियों ने देख लिया, 12 दिन तक यदि सत्ता में रहे हैं, मैं उनको यह कहना चाहता हूं कि देश की पूरी प्लानिंग के लिए सोचना होगों...(व्यवधान)

**श्री सिकन्दर बख्त:** हम आइंदा के लिए इसे अपने ज़ेहन में रखेंगे।

†[شری سکندر بخت: ہم آئندہ کیلئے اسے اپنے ذہن میں رکھینگے]

**श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** आप आइंदा के लिए ख्याल रखेंगे, आपका भला हो। मैं तो इतना ही कहूंगा कि जिसने दिया उसका भी भला और जिसने नहीं दिया उसका भी भला। उपसभाध्यक्ष जी, मैं ज़रा इनके नज़दीक हूं इसलिए इनकी भलाई चाहता हूं और कुछ नहीं है। महोदय, आपकी जो सुपर फास्ट ट्रेंस चलती हैं या लांग जर्नी की ट्रेंस चलती है, कभी तमिलनाडु से निकलती है, कभी हैदराबाद से निकलती है, कभी केरल से निकलती

है लेकिन बीच में जो स्टेशन आते हैं उनके लिए बर्थ का कोटा बड़ा लिमिटेड होता है। हमारे कई साथियों ने रेलवे बोर्ड को लिखा, उनके अधिकारियों को लिखा तो उनका उत्तर क्या आता है। मैं यह नहीं बताना चाहता हूं यद्यपि मेरे पास आज रिकार्ड काफी है उसका। मैं पूरी एनेलिसिस में भी नहीं जाउंगा क्योंकि मेरे साथी ने पूरा आंकड़ावाइज बताया है। ये कहते हैं कि यह सेंट्रल जोन की बात है, वे यहां कोटा नहीं बढ़ा सकते हैं। यह नार्थ जोन की बात है। वे कोटा नहीं बढ़ा सकते हैं। तो इसमें एक पालिसी तय करिए कि वहां कितना ट्राफिक आता है। वह देखना चाहिए और यह नहीं हो सकता है तो जहां से ट्राफिक आता है आप अपने अफसर से पूछ लीजिए कि रोज उस रूट पर इन-इन गांवों को जाने के लिए कितने पैसेंजर्स टिकट लेते हैं और उनको जगह नहीं मिलती है। यह जरा सर्वे करिए। ऐसी जगह आप एक दूसरी सुपरफास्ट ट्रेन छोड़ने का भी काम करिए। शार्ट डिस्टैंस में आप यदि ऐसी ट्रेन चलाएं तो दोपहर के वक्त या जिस टाइम पर एडजस्ट होती हैं उसमें चलाएं। इसलिए डबल का काम बहुत जरूरी है। यह जब तक आप नहीं करेंगे तो इस ट्राफिक में ज्यादा मुनाफा भी नहीं होगा।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि 1973, 1975 में एक सिदेश्वर एक्सप्रेस शोलापुर से बम्बई शुरू हुई थी। उसके बाद वहां इतना ट्राफिक बढ़ गया है लेकिन दूसरी ट्रेन नहीं है। 8,9,10 ट्रेनें वहां से जाती है चाहे केरल से हो, तामिलनाडु से हों या हैदराबाद से हों, उस रास्ते के बिना दूसरा रास्ता नहीं है लेकिन हम बड़े शोषित है। हम कभी दिल में लाए कि चलो ट्रेन के सामने बैठ जाएं। लेकिन यह राष्ट्रीय सम्पदा का नुक्सान होगा, इसलिए हम नहीं करते। हम बैठ सकते हैं ट्रेनों के सामने कि हमें कोटा दे दिया जाए। इसलिए जो शांति से बात करते हैं उनकी बात को भी रेलवे को सुनने का काम करना चाहिए और ये जो बहुत दिनों की मांगें हैं उन पर बहुत गौर करना जरूरी हैं इसलिए मैं कहुंगा कि शोलापुर से बम्बई तक एक नयी ट्रेन छोड़ने का प्रयास करिए। एक सुपरफास्ट ट्रेन छोड़िए। मैं यह नहीं कहुंगा कि मैं वहां का रिप्रेजेंटेटिव हूं इसलिए यह काम करिए। हमने उसके बाद 22 साल से यह मांग नहीं की हैं लेकिन आज ट्राफिक बढ़ा हैं आज वहां हार्टीकल्चर का काम इतना बढ़ा है, ग्रेप्स इतने तैयार होते हैं कि वे ग्रेप्स अमेरिका जा रहे हैं, लंदन जा रहे हैं। कई हमारे साथी है जो ट्रक्स से बम्बई में भेज रहे हैं लेकिन ट्रक्स से कैसे होगा। ट्रक्स में उल्टा, जैसे मैंने एक गुड़ी? की बात की थी, उस तरह का काम हो रहा है। रेल पहले और हमारे ट्रक पीछे जा रहे हैं बम्बई। इसलिए यदि आपको प्राफिट मेकिंग रेलवे को बनाना है तो डबलिंग का काम करके यह प्राफ्टि करिए। सुपरफास्ट भी छोड़िए तो आपको वहां ज्यादा प्राफ्टि हो सकता हैं मैंने चर्चा की कि दादर, कुरला और न्यू बाम्बे और दूसरा बम्बई-दादर-बोरिवली, ये जो रूट हैं इनके बारे में जरा ज्यादा ध्यान देना होगा क्योंकि यह मैट्रोपोलिटन सिटी है, क्योंकि आपने कलकत्ता में अंडरग्राउंड रेलवे दी है, आपने मद्रास में अंडरग्राउंड रेलवे शुरू की हैं .....(**व्यवधान**)..... नया शुरू हो रहा है, मैट्रो किया है। लेकिन बम्बई में ऐसा कोई नही है। प्राफिट होने के लिए मैंने यह भी सुझाव रखा था .....(**व्यवधान**).....

**श्री मोहम्मद सलीम:** वहां अंडर वर्ल्ड है।

†شری محمد سلیم : وہاں انڈر ورلڈ ہے۔

**श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** अंडर वर्ल्ड तो जरूर है और उसको कंट्रोल करना होगा। अभी आप सरकार के साथ हो तो आपका भी काम है उसको कंट्रोल करना तो जरा प्रयास करिऐं(**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष जी, यह जो रूट है इस पर ज्यादा ख्याल देना होगा क्योंकि बम्बई की समस्या अलग है। पूरे देश भर का आदमी बम्बई में अपनी रोजी रोटी के लिए आता है। हर रोज 500 फेमिलीज वहां आती है। वहां अरबन प्राब्लम्स इतनी बढ़ गयी है इसलिए इस अरबन ट्राफिक के लिए आपको ज्यादा ख्याल करना होगा। वहां दादर पर एक ब्रिज, फ्लाई ओवर बनाने के लिए भी कहा गया था। उसका कंट्रीब्यूशन देने के लिए कारपोरेशन तैयार है। लेकिन उसका भी काम अभी तक आगे नहीं हो रहा है। लेकिन सब से ज्यादा मैं ट्रेस करूंगा कि यह जो गडक-शोलापुर रेलवे लाइन है वह जो शिफि्टंग का है व्रह शिफि्टंग सैन्ट्रल रेलवे पर करिए और हुडगी तक वह लाइन लेकर जाइये और हुडगी से डाइवर्ट करिए। वह करना जरूरी है वहां ताकि आपका खर्चा बच सकेगा।

महोदय, मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं लेकिन धन्यवाद इसलिए देना चाहता हूं कि नए-नए हैं। काम अच्छा करेंगे। शुरूआत तो अच्छी की है उन्होंने और वहां राम विलास पासवान जैसे मंत्री बैठे हैं जो सोशलिस्ट पार्टी से आते हैं। मैं समझता हूं कि आज उन्होंने रेलवे पुलिस के बारे में एक निर्णय ले लिया तो पूरे एम्प्लायमेंट के बारे में चाहे फर्स्ट, सैकंड, थर्ड और फर्स्ट क्लास आफिसर्स हों वहां तक का जो बैकलॉग है उसके बारे में भी आप प्रयास करेंगे। जिसकी बात, करप्शन की बात आपने यहां अपने बजट में नहीं की है उस पर ज्यादा ख्याल दीजिए। छोटी-छोटी चीज़े ये लगती हैं, लेकिन हजार जगह ये छोटे-छोटे करप्शन होते रहे तो उसमें काफी नुकसान हमारे रेलवे का होता है यह भी जरा देख लीजिए। आपका रेलवे प्रोटैक्शन फोर्स है, आपके दूसरा पुलिस फोर्स है, आप इंटेलीजेंस एजेंसी लगाइये। आपने तो पूरा कंप्यूटराइस्ड सब किया हैं। यह सुविधा जब आप करते हो फ्रांस की, जब बात करते हो जापान की, क्या हमारे पैसेंजर्स को उतनी सुविधा मिलती है जैसी ट्रेन चाइना में है, जैसी ट्रेन

†Transliteration in Arabic Script

फ्रांस में है, जैसी ट्रेन जापान में है, यदि उस तरह की सुविधा हमारे कम्प्यूटर्स को मिल जाएगी तो मैं नहीं समझता हूं कि वह फेअर देने में कुछ हिचकिचाहट करेगा। इसलिए स्टेशन साफ-सुथरा रखिए, ट्रेन साफ-सुथरी रखिए, उसके लिए रिजिड एडमिनिस्ट्रेशन का काम करिए जैसा मिलिट्री में होता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप दोनों ही उस डिपार्टमेंट को एक अच्छी चालना देंगे और फिर दोबारा मैं प्रधान मंत्री का भी अभिनंदन करता हूं कि एक रिमोट प्लेस में जहां हवाई जहाज के बिना जाने के लिए मौका नहीं था, ऐसे श्रीनगर वाया श्रीनगर बारामुला जाने के लिए नई ट्रेन ट्रैक के लिए जो एक उन्होंने प्रोग्राम एनाउंस किया है, उससे रोज़ी-रोटी भी मिलेगी और जो मिडल क्लास का पैसंजर होगा, टूरिस्ट होगा, वह वहां तक अभी इज़ी जाने के लिए भी एक सुविधा पैदा होगी। इसलिए आपको धन्यवाद देता हूं और मैं आपका समर्थन करता हूं। जब समर्थन करता हूं तो ज्यादा जिम्मेदारी है। मैं विरोध नहीं कर रहा हूं। इसलिए आपको हमने जो-जो चीज़ें कही हैं, वह जरा ...(व्यवधान)... हां, नहीं तो विरोध में भी होता तो अच्छा काम किया तो सपोर्ट करना हमारा देश के लिए काम है। विरोध के लिए विरोध करने का काम नहीं होना चाहिए, नारायणसामी जी।...(व्यवधान)... हां, आप जरा सीख लीजिए। मैं फिर दोबारा धन्यवाद आपको देना चाहता हूं कि अच्छा काम करिए और रेल की यह गाड़ी बहुत सुपरफास्ट चला दीजिए। धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी):** धन्यवाद शिन्दे जी। ...(व्यवधान)...

**श्री मोहम्मद सलीम:** आप राम विलास पासवान जी को बार-बार देख रहे हैं जो सोशलिस्ट पार्टी से आए हैं और जो सतपाल महाराज जी आपकी पार्टी से आए हैं उनको नज़रअंदाज़ करें तो कैसे रहेगा (व्यवधान)

†[شری محمد سلیم: آپ رام ولاس پاسوان جی کو بار بار دیکھ رہے ہیں جو سوشلسٹ پارٹی سے آئے ہیں اور جو ست پال مہاراج جی آپکی پارٹی سے آئے ہیں انکو نظرانداز کریں تو کیسا رہے گا...]

**श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** नहीं-नहीं, उनको तो अच्छी तरह से ज्ञान है इसलिए उनको ज्यादा बोलने का जरूरी नहीं है। इसलिए मैं उनका जिक्र कर रहा था (व्यवधान)

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपालजी महाराज):** महोदय, मैं माननीय सदस्य को धन्यवाद देना चाहता हूं और जो उन्होंने सुझाव दिए हैं वह लिख लिए हैं। उन्होंने जो कहा कि मैं मध्य प्रदेश से आता हूं मैं मध्य प्रदेश से नहीं, मैं उत्तराखंड से आता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी):** अब तो पूरा देश आपका है। (व्यवधान).

**श्री मोहम्मद मसूद खान (उत्तर प्रदेश):** टाइम सब का आपने ले लिया, लेकिन जब हम बोलते हैं तो लास्ट में एक मिनट, आध मिनट, हमारा टाइम चला जाता है और कभी बहुत ज्यादा हो जाता है। तो हमारा आपसे निवेदन है कि हर आदमी को बोलने का एक सा मौका मिलना चाहिए, इस तरह से नहीं होना चाहिए।

†[شری محمد مسعود خاں (اتر پردیش): ٹائم سب کا آپنے لے لیا لیکن جب ہم بولتے ہیں تو لاسٹ میں ایک منٹ - آدھ منٹ ہمارا ٹائم چلا جاتا ہے اور کبھی بہت زیادہ ہو جاتا ہے- تو ہمارا آپ سے نویدن ہے کہ ہر آدمی کو بولنے کا ایک سا موقع ملنا چاہیئے اس طرح سے نہیں ہونا چاہیئے]

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी):** आपका सुझाव बिल्कुल सही है। अब जनता दल से श्री नरेश यादव। 48 मिनट का समय आपकी पार्टी को है। आप और रामदेव जी। ...(व्यवधान)...

**श्री रामदेव भंडारी:** महोदय ...(व्यवधान)...कल ज्यादा हम लोग लेंगे, आज यह बोल दें ज्यादा, दूसरी बारी आई तो मैं बोलने के लिए हूं।

**श्री नरेश यादव (बिहार):** उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं 16 जुलाई को जो लोक सभा में माननीय रेल मंत्री जी ने रेल बजट प्रस्तुत किया उसके समर्थन में खड़ा हुआ हूं। पहली बार गांव का गरीब का बेटा रेल मंत्री बना और आम लोगों के लिए और ऐसे क्षेत्र के लिए जो क्षेत्र कि काफी उपेक्षित है उसके लिए रेल बजट दिया है। इसलिए यह रेल बजट आम लोगों का बजट कहा जाता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे रेल राज्यमंत्री जी यहां

बैठे हैं और हमारे रेल मंत्री लोकसभा में हैं, फिर भी आपके माध्यम से मैं रेल मंत्री का ध्यान गरीबों की समस्या की ओर आकर्षित करना चाहूंगा। इस देश के पूर्वी हिस्से में बिहार और बिहार में कटिहार, यह एक रेल का बहुत बड़ा जंक्शन है, मंडल का मुख्यालय है। वहां से एक गाड़ी चलती है, नाम है – महानंदा एक्सप्रेस। यह महानंदा एक्सप्रेस दिल्ली तक आती है और इस गाड़ी में खासकर के पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में काम करने के लिए हमारे गरीब भाई ही आती है। साधारण क्लास के डिब्बे की कैपेसिटी 90 व्यक्ति या 96 व्यक्ति, यात्री के बैठने की है। आपको जानकर हैरत होगी कि दिल्ली, पंजाब की ओर कमाने के लिए आने वाले इन गरीब व्यक्तियों, यात्रियों को उस गाड़ी के डिब्बे में पांच सौ, छह सौ को जानवरों की तरह ठूंस कर बैठाया जाता है और उसमें चूंकि वह साधारण डिब्बा है, साधारण डिब्बे में बैठने पर भी ऊपर और नीचे का पैसा लिया जाता है, दस, पांच, बीस रुपए करके सीट का लिया जाता है।

उपभाध्यक्ष महोदय, किस तरह गरीबों को लूटा जाता है, उसकी ओर मैं आपके माध्यम से ध्यान आकर्षित कर रहा हूं और यह इसलिए क्योंकि गरीब तबके से मंत्री आज बने हैं और वह गरीबों के दर्द को समझेंगे और इसीलिए मैं इस बात को जोर देकर कह रहा हूं कि करना क्या होगा। होता क्या है कि जब यात्री वहां से चलता है दिल्ली, पंजाब की ओर तो वहां से लुटता ही जाता है। चूंकि उस यात्री का चेहरा अलग होता है, ढीला पैंट, ढीली कमीज और जब वापस जाता है दिल्ली, पंजाब से कमा कर तो ढीली कमीज, ढीला पैंट और ऊपर से बक्शा या पेटी लेकर चलता है। संपूर्ण रास्ते में, जब वह लोटता है हमारा गरीब मजबूर, तो लुटता जाता है। दुख होता है। मैं रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि पाकेट में टिकट रखते हुए भी रेल कर्मचारियों द्वारा तंग किया जाता है। वह निराश अपनी मां के लिए, बाप के लिए साड़ी और धोती और वही बक्शा लेकर घर वापस जाता है। हम आग्रह करना चाहेंगे रेल राज्यमंत्री महोदय से, कि इतनी तो आप पक्की व्यवस्था कर दीजिए कि हजारों की संख्या में जो हर रोज रेल यात्री दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में कमाने के लिए आते हैं और यहां से वापस जाते हैं तो रास्ते में उनको लूटा न जाए, उनका पैसा छीना न जाए, उनके पास टिकट रहते हुए भी उनका टिकट फाड़कर यह न कहा जाए कि तुम टिकटलेस हो इसलिए यह फाइन लगा दिया है। इतना तो आपको जरूर करना चाहिए ताकि लोग यह अहसास करें कि गरीब का बेटा रेल मंत्री बना है तो गरीब का इतना बड़ा कल्याण हो रहा है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि बिहार में 40 परसेंट लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं। गरीब लोग ही इधर आते हैं मजदूरी कमाने के लिए। क्या यह इंसान नहीं हैं? फिर आपने महानंदा गाड़ी को दो भाग में बांट दिया 4084 और 4083, एक आधा भाग एन.जे.पी. पहुंचा दिया और दूसरे आधे को कटिहार से खोला। इसको लिंक एक्सप्रेस कर दिया। यह पूरी ही गाड़ी पहले कम थी, एक डिब्बे में पांच सौ यात्री चलते थे, तो अब जब आधा कर दिया तो क्या हालत होती होगी? इसका अंदाजा, इसका अनुमान कोई भी व्यक्ति कर सकता है। मैं यह कहना चाहूंगा कि एक भी गाड़ी मजदूरों के लिए कटिहार से नहीं दी गई है। यहां फ्रिकेवेन्सी बढ़ाने की बात कही गई है। फ्रिकेवेन्सी बढ़ाने, रेलवे के विस्तार की बात आई। रेल मंत्री जी ने कई जगह रेल गाड़ी का विस्तार किया है, ट्रेनों को आगे बढ़ाया है, लेकिन कितने अभाग्यशाली हम लोग, हमारे मजदूर पूर्वी इलाके के हैं कि हमारी गाड़ी के विस्तार को घटाया गया है। ''वैशाली एक्सप्रेस'' कटिहार तक जाती थी, ''बरौनी-कानपुर एक्सप्रेस'' कटिहार तक जाती थी और उसे खींच करके बरौनी ले आए। मजदूरों की गाड़ी ''बरौनी-अमृतसर एक्सप्रेस'' जो बरौनी में रूक जाती है, ज्यों-ज्यों आप पूर्व दिशा की ओर जाएंगे गरीबी बढ़ती जाएगी, गरीबी ज्यादा मिलेगी। हिन्दुस्तान में पश्चिम और पूर्व में यही अन्तर है, पूर्व में ज्यादा गरीब रहते है। इसलिए हम यह कहना चाहते हैं कि पूर्वी हिस्से से गाड़ी को खींचकर के पश्चिम में पहुंचा दिया गया। आप फ्रिकेवेन्सी बढ़ाने की बात करते हैं, हमारे साथ अन्याय क्यों हो रहा है? सुविधा को दिन-प्रतिदिन घटाया जा रहा है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि ''5201 व 5202'' और फिर ''वैशाली एक्सप्रेस'' इन दोनों को तो वहां ले जाया ही जाए और ''बरौनी-अमृतसर एक्सप्रेस'' जो है, ''5209-5210'', जो ''जनसेवा एक्सप्रेस'' है, उसे आप निश्चित तौर से कटिहार से खोलें जिससे कि मजदूरों का बहुत बड़ा कल्याण हो सके।

उपसभाध्यक्ष महोदय, रेलवे बजट के 61वें पैरा में जिक्र किया गया है पुल बनाने का। उत्तरी बिहार में पुल का अभाव है, निश्चित तौर से पुल का अभाव है। ''मुकामा'' में एक रेल पुल है और उसके बाद आगे ''कोलबर'' है, वहां रेलवे-पुल है, लेकिन ''मुकामा'' के बाद करीब-करीब 250, 300 किलामीटर के बीच में कोई रेल का पुल नहीं है ''फरक्का'' तक। इसलिए हम यह कहना चाहते हैं कि कलकत्ता का रास्ता, उत्तरी भारत

का, पूर्वी हिस्से का, नेपाल का, एकमात्र रास्ता, जो वर्षो-वर्षो से रहा है, वहां ''मनिहारी-साहिबगंज'' में गंगा के ऊपर रेल पुल बनाने की मांग वर्षो से होती रही है। आप अगर एक पुल बना रहे हैं, रेल मंत्री जी हम आपसे कहेंगे कि जहां पुल बन रहा है, वहां बनना ही चाहिए, लेकिन कुछ कृपा आपको गरीब इलाके पर भी करनी चाहिए। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि ''मनिहारी-साहिबगंज'' के बीच में एक रेलवे पुल बने जिससे लोगों का बहुत कल्याण होगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अब मैं पैरा 37 की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा जिसके द्वारा आपने धार्मिक पर्यटन की ओर भारतीय रेल का विशेष ध्यान दिलाया है। इस बारे में मैं कहना चाहता हूं कि उसमें आपने जिन स्थानों का जिक्र किया है, उसमें ''बोद्ध गया'' का जिक्र नहीं है, ''राजगीर'' का जिक्र नहीं है और जो ''वैशाली'', हमारे रेल मंत्री जी जिस क्षेत्र से आते हैं वह उसके ठीक बगल में है, जहां के लोकतंत्र पर दुनिया को गर्व रहा, उसका जिक्र नहीं है। मेरा आपसे निवेदन है कि उन जगहों को भी उसमें जोड़ा जाना चाहिए जिससे कि उन क्षेत्रों का रेल और पर्यटन के मामले में विकास हो सके।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और मंत्री जी के ध्यान में लाता चाहता हूं कि इस देश में केले का उत्पादन महाराष्ट्र के ''भुसावल'' में होता है और उसके बाद बिहार के किसानों ने हिम्मत करके, अपनी पूंजी लगा-लगा करके कटिहार जिला, भागलपुर जिला, पूर्णिया जिला में एक पूर्वी बिहार में काफी जोरों से केले की खेती की है। केले के लिए आपने जिस तरह से महाराष्ट्र के किसानों को, केला उत्पादन किसानों को फ्रेट में सब्सिडी दी है, उसी तरह से बिहार के केला उत्पादक किसानों को भी यह छूट आपको देनी चाहिए, यह मैं आपसे कहना चाहता हूं। छूट देने के साथ-साथ हम आमदनी की बात करेंगे। आपकी मालगाड़ी हर रोज़ जाती है। पंजाब, हरियाणा से पूरे का पूरा रैक पूर्वोत्तर हिस्से में, असम की ओर, जाता है और उधर से वह बैरंग चला आता है। हर रोज कम से कम तीन-चार माल गाड़ियां जा रही हैं और वे रेल का पैसा बर्बाद करके बिलकुल खाली चली आती हैं। किसान पैसा देने को तैयार है। हम दिल्ली की ''न्यू आजादपुर मंडी'' में केला पहुंचाना चाहते हैं। केला किसानों के पास पर्याप्त है, किसान पैसा देने के लिए तैयार है, हमें वैगन चाहिए, रैक चाहिए - पूरे का पूरा रैक। वहां का किसान दिल्ली के ''न्यू आजादपुर मंडी'' में केला पहुंचाने के लिए तैयार है, आप उनके लिए इतनी तो व्यवस्था कर दें। इससे देश की आमदनी भी बढ़ेगी। इसलिए आज यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। मैंने पहले भी कई बार रेल मंत्रालय का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है लेकिन दु:ख की बात यह है कि अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। रेल का कामकाज बहुत अच्छा होता है, रेल का निर्माण कार्य बहुत अच्छा होता है, यह माना जाता है लेकिन अभी हाल ही में मैं बरौनी-कटिहार खंड पर कुरसंला गया तो वहां एक मकान बन रहा था मैंने पूछ कि कौन से नंबर का ईटा लगा है, तो वहां जो लोग थे उन्होंने बताया कि तीन नंबर का ईटा लगा रहे हैं। मैंने पूछा क्यों, तो उन्होंने कहा कि रेल में एक नियम है कि कमजोर ईटा इसलिए दिया जाता है क्योंकि वह बरसात के समय नमी को सोख लेता है और जैसे ही बरसात खत्म होती है तो वह नमी को वापस फेंक देता है। इसलिए यदि घटियां ईटा दिया जाए तो सुविधा होती है। मैंने कहा कि ऐसा ईटा तुम अपने पास रखो।

महोदय, आज रेलवे इस देश का सबसे बड़ा प्रतिष्ठान है और इसका नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है। उसका काम इतना घटिया हो, यह ठीक नहीं है। दिन-पर-दिन रेलवे के काम की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है और इसमें सुधार करने की आवश्यकता है।

महोदय, हमारे सभी माननीय सदस्य राजधानी एक्सप्रैस में यात्रा करते हैं। मैं मंत्री जी का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि राजधानी एक्सप्रैस में रोज घोषणा होती है कि अगर इस गाड़ी में कोई डॉक्टर साहब यात्रा कर रहे हों तो वे फलां डिब्बे में फलां सीट पर आ जाएं, यहां रोगी पड़ा हुआ हैं इस गाड़ी में यात्रा करने का आप इतना अधिक पैसा लेते हैं और अधिक पैसा देने वालों में ही ज्यादा रोगी होते हैं, चाहे वे हार्ट-पेशेंट हों या डायबिटीज़ के मरीज हों। इसलिए मैं रेल मंत्री से यह निवेदन करना चाहता हूं कि राजधानी एक्सप्रैस में एक डॉक्टर की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए। इसके लिए एक टिकट पर पांच रुपया आप बढ़ा दीजिए लेकिन इस देश में जो हजारों डॉक्टर हैं, उनको इससे रोजगार मिल जाएगा। अगर यह व्यवस्था हुई होती तो शायद हम अपने प्यारे साथी श्री शंकर दयाल सिंह को नहीं खोते। इस व्यवस्था की कमी के चलते इस सदन के सबसे हंसोड़ साथी हमारे बीच से चले गए। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि शताब्दी एक्सप्रैस में, राजधानी एक्सप्रैस में और जो लंबी दूरी की गाड़ियां हैं, उनमें एक डॉक्टर की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए जिससे कि भविष्य में हमारा कोई साथी दवाई और इलाज के बिना हमसे न बिछुड़े।

इसी के साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि राजधानी एक्सप्रैस जो आपने चलाई है, इसकी गुणवत्ता में कोई

सुधार नहीं हुआ है। जो गोहाटी-दिल्ली राजधानी चलती है, उसमें मैंने कई बार देखा है कि सुबह का समय है, जब यह गाड़ी मुगलसराय से खुलती है और मुगलसराय के बाद उस गाड़ी को रुकना है कानपुर में। तो मुगलसराय और कानपुर के बीच में गाड़ी में पानी नहीं है। लोगों के फ्रैश होने का समय है लेकिन गाड़ी में पानी नहीं हैं। गाड़ी में बहुत गंदगी है, सफाई नहीं है। अगर राजधानी एक्सप्रैस का यह हाल रहेगा तो राजधानी एक्सप्रैस कैसे चलेगी? इसलिए रेल मंत्री को इस ओर ध्यान देना चाहिए। इसमें देश-विदेश के लोग यात्रा करते हैं और इस गाड़ी का देश में नाम भी है। पिछले सेशन में रेल बजट पर बहस के क्रम में हमारे साथी शंकर दयाल सिंह जी बोल रहे थे। परन्तु वह आज नहीं है। उनका वह स्वर हम में से कोई नहीं ला सकता है जिस स्वर में उन्होंने जिक्र किया था - स्पाउज के लिए, पत्नी के लिए ए.सी.फर्स्ट में सुविधा के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि हम तो ए.सी.फर्स्ट में आ सकते हैं लेकिन हमारी पत्नी हमारे साथ ए.सी. फर्स्ट में नहीं आ सकती है। हमारे पास केपेसिटी नहीं हैं कि मैं उन अल्फाजों का प्रयोग का सकूं जितना बेहतर स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह जी कर चुके हैं। लेकिन उनकी जो अंतिम इच्छा थी वह तो पूरा कर दीजिए कि ए.सी. फर्स्ट में अपनी पत्नी को भी साथ लाने का अधिकार तो दे दीजिए। ...(**व्यवधान**) अब मैं एक बात कहकर समाप्त करना चाहूंगा। मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मीटर गेज के रेल का डिब्बा पैसेंजर कोच बनना बंद हो गया, गाड़ियों का बढ़ना जारी है। एक साथी ने कहा कि एक गाड़ी को काट काट कर के दो गाड़ी, तीन गाड़ी चला रहे हैं। यात्रियों की संख्या हर वर्ष दस परसेंट बढ़ जाती है। क्या होगा? हम तो बार-बार मांग करते हैं कि एम.जी. से बी.जी. को करो। एक छोटी सी लाईन है मात्र 34 किलोमीटर की कटिहार से मुकरिया तक की जिससे कि गोहाटी का रास्ता सीधा हो जाएगा। गोहाटी जाने के लिए हम को 60.70 कि.मी. रास्ता बच जाएगा अगर हम यह छोटा सा काम करदें कि कटिहार और मुकरिया के बीच में हम एम०जी० से बी०जी० में कंवर्जन कर दें। लेकिन वह नहीं होगा। जो गाड़ियां चलती हैं उन गाड़ियों के डिब्बों को घटा घटा करके आज हम गाड़ियों का तो बढ़ा रहे हैं लेकिन कोसेज का घटा रहे हैं। हम यह कहना चाहते हैं कि आज हर यात्री के हर दिन की समस्या हैं वह समस्या न रहे तथा कोचेज की संख्या निश्चित तौर से बढ़ाई जाए। आज बहुत हल्ला हुआ, सारे साथियों ने कहा कि बिहार में बहुत कुछ दिया गया। लेकिन मैं यह कहता चाहता हूं कि पूर्वोत्तर बिहार अभी भी उपेक्षा का शिकार है तथा उसको और देने की जरूरत है। अगर परिवार में कोई बीमार पड़ जाए तो बीमार को दवाई के साथ-साथ दूध भी दिया जाता है स्वस्थ होने के लिए। यह गर्व का विषय है। पूर्वोत्तर भारत, पूर्वोत्तर बिहार बीमार रहा, उपेक्षित रहा और आज अगर उनको कुछ विकास दिया गया है तो यह खुशी की बात है। इसके लिए रेल मंत्री को धन्यवाद देना चाहिए, बधाई देनी चाहिए कि इन्होंने पहली बार सोचा है कि ऐसे उपेक्षित क्षेत्र में विकास पहुंचाया जाना चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री बनारसी दास गुप्ता (हरियाणा)** : उपसभाध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम तो मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। महोदय, जब से मैं इस सम्मानित और गरिमामयी सदन का सदस्य निर्वाचित हुआ हूं उसके पश्चात यहां बोलने का यह मेरा प्रथम अवसर है। अंग्रेजी में इसे मेडन स्पीच कहते हैं, हिन्दी में मैं इसे अपना प्रथम भाषण कह सकता हूं।

महोदय, मेरे लिए अभी यह स्थान बहुत बड़ा, विशाल और नया है। विधान सभा में तो मैं बहुत बोलता रहा हूं, वर्षों तक बोलता रहा हूं। लेकिन अभी यहां बोलने में कुछ थोड़ी झिझक है, जो धीरे-धीरे साफ होगी।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी)** : नहीं, आप बहुत अनुभवी है, मुख्य मंत्री इतने अरसे रहे हैं।

**श्री बनारसी दास गुप्ता** : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं रेल मंत्री जी का और राज्य मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं, अभिनंदन करता हूं और उनको बधाई देता हूं कि उन्होंने बहुत ही अच्छा, एक संतुलित बजट प्रस्तुत किया है। उपसभाध्यक्ष महोदय, इस बजट में कुछ यात्री भाड़ा, कुछ माल भाड़ा बढ़ाया गया है। इसकी मजदूरी भी रेल मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में बताई कि पेट्रोलियम पदार्थों के भाव बढ़ जाने से और रेल कर्मचारियों के पांचवें पे-कमीशन की रिपोर्ट आने की दृष्टि से यह किराया बढ़ाना पड़ा है। लेकिन यात्री भाड़ा बढ़ाते समय रेल मंत्री जी ने इस बात का पूरा ध्यान रखा है कि निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों पर इसका कोई प्रभाव न पड़े। इसके लिए भी मैं उनको बधाई देता हूं कि इस बजट का कोई प्रभाव गरीब आदमी पर, मध्यम वर्ग के आदमी पर, जो निम्न-मध्यम वर्ग के लोग हैं, उन पर नहीं पड़ा है। इसके अलावा उपसभाध्यक्ष महोदय, रेल मंत्री जी ने अनेक ऐसे पिछड़े हुए क्षेत्रों में, जो पहाड़ी क्षेत्र हैं, आदिवासी क्षेत्र हैं, जहां आने-जाने के साधन नहीं हैं, बड़े दुर्गम रास्ते हैं, ऐसे क्षेत्रों

में नई रेल लाईन बनाने का प्रावधान किया है, यह बहुत ही अच्छा निश्चय है। हिमाचल प्रदेश में, जम्मू-कश्मीर में पिछली सरकार ने जम्मू से ऊधमपुर तक रेल लाईन का निर्माण किया और अभी पिछले ही दिनों, इस सदन में भी और लोक सभा में भी प्रधान मंत्री जी ने घोषणा की कि ऊधमपुर से बारामूला तक एक रेल लाईन का निर्माण किया जाएगा जो बहुत ही महत्वपूर्ण हैं वहां के लोगों के लिए रेल यात्रा का साधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से भी, टूरिज़्म की दृष्टि से भी और जो उस प्रदेश में आतंकवाद फैला हुआ है, उसको कम करने की दृष्टि से भी इस रेल लाईन का बड़ा महत्व है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जैसे पिछली सरकार अर्थात्, कांग्रेस सरकार ने मीटर गेज लाईन का परिवर्तन ब्रॉड गेज में करने का सिलसिला शुरू किया था हज़ारों किलोमीटर लंबी लाईनों का कनवर्शन किया था, वह सिलसिला जारी रखने का भी वायदा इस बजट में किया गया है और प्रावधान भी किया गया है बहुत सारी रेल लाईनों को मीटर गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तित करने का। महोदय, बजट में यात्रियों के लिए अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी वायदा किया गया है। खान-पान में सुधार करने की बात कही गई है और जो फास्ट ट्रेन्स हैं, राजधानी एक्सप्रेस हैं, उनमें टेलीफोन पर बात करने की भी सुविधा प्रदान करने की बात कही गई है। ट्रायल के तौर पर राजधानी एक्सप्रेस में यह सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इसके अलावा रेल लाईनों को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए ताकि कम से कम दुर्घटनाएं हों, इस बात पर भी विचार किया गया है और इस ओर भी ध्यान दिया गया है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह रेल तंत्र आज सारे देश के अंदर फैला हुआ है। यह अपने आप में एक विशाल साम्राज्य है। इस रेल तंत्र में लाखों कर्मचारी जो दिन-रात जुटे रहते हैं रेलों को ठीक समय पर चलाने के लिए और सारे तंत्र की व्यवस्था ठीक करने के लिए, उन कर्मचारियों के लिए भी रेल मंत्री जी सोचते हैं और उन्होंने एक हजार करोड़ रुपए अलग से बजट के अंदर रखे हैं कि पांचवे पे-कमीशन की रिपोर्ट आने पर उनको बढ़ी हुई सैलेरी दी जा सके और दूसरी अन्य सुविधाएं भी उनको दी जा सकें।

इसके अलावा पहाड़ी क्षेत्रों में रेल लाईन लाने का प्रावधान भी किया है। बिहार के जो अभी हमारे माननीय सदस्य बोल रहे थे, जैसे उत्तरी बिहार है पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, गंगा पर पुल बना कर, उस क्षेत्र तक नई रेल लाईन बनाने का जो निश्चय किया गया है, यह भी सराहनीय बात है। परंतु उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे एक बात पर बड़ा खेद है कि इस सारे बजट में हरियाणा जैसे विकासशील प्रदेश को बिलकुल ही नजरअंदाज किया गया है। इस सारे बजट में एक शब्द भी हरियाणा के लिए नहीं कहा गया।

हरियाणा एक बहुत आगे बढ़ता हुआ प्रदेश है। उपसभाध्यक्ष महोदय, आप तो जानते हैं कि सन् 1966 में जब हरियाणा प्रदेश अस्तित्व में आया तो खाद्य की दृष्टि से यह पिछड़ा हुआ प्रदेश होता था। एक लाख टन अनाज हमें बाहर से मंगाना पड़ता था अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए। लेकिन आज आपको यह जानकर खुशी होगी और मेरे तमाम जो साथी सांसद हैं उनको भी प्रसन्नता होगी कि आज न केवल हम अपनी जरूरत को पूरा करते हैं बल्कि 50 लाख टन अनाज हम (सेन्ट्रल पूल) केन्द्र के खाद्य भण्डार को उन राज्यों को भिजवाने के लिए जहां कम अनाज पैदा होता है। तो ऐसे प्रदेश को बिल्कुल नजरअन्दाज कर दिया है, यह बहुत ही खेद की बात है। मैं आपके माध्यम से राज्य मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि वे इस बात पर गहराई से विचार करें और अगला जो पूरक बजट आयेगा उसमें प्रावधान किया जाये उन रेल लाइनों का जिनका सुझाव में आपके सामने प्रस्तुत करता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी):** श्री जनेश्वर मिश्र जी इस बात को ध्यान में रख रहे है। ये पुराने रेल मंत्री भी हैं।

**श्री वी. नारायणसामी:** वे नोट नहीं कर रहे है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): He has a capricious memory.

**श्री मोहम्मद मसूद खान:** खड़े होकर कहिए, बैठकर क्या कह रहे है।

**श्री बनारसी दास गुप्ता:** उपसभाध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रदेश तो अत्यन्त ही महत्वपूर्ण प्रदेश है। यहां पर एक धार्मिक स्थान कुरूक्षेत्र है जो विश्व विख्यात है। जहां आज से पांच हजार वर्ष महाभारत का युद्ध हुआ और भगवान कृष्ण ने सारे विश्व को गीता का सन्देश दिया और दूसरा स्थान अगरोहा है। महाभारत काल के पश्चात महाराजा अग्रसेन जो कि अग्रवाल समाज के प्रवर्त्तक थे, उनकी विशाल राजधानी थी। अगरोहा हिसार से 20 कि. मी. फाजिल्का तक जो नेशनल हाइवे जाता है, उस पर स्थित है। आज तमाम हिन्दुस्तान का अग्रवाल समाज उस अगरोहा का विकास कर रहा है। हिन्दुस्तान के तमाम प्रदेशों से हजारों अग्रवाल समाज के लोग अगरोहा की

यात्रा के लिए आते हैं तो मेरा सुझाव यह है कि हिसार से सिरसा तक अगरोहा और फतेहाबाद होती हुई एक नई रेलवे लाइन डाली जाये। उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर इसको वायविल्टी की दशष्टि से भी जांचा जाये, परखा जाये तो उसमें भी यह लाइन खरी उतरेगी क्योंकि अगरोहा, फतेहाबाद, सिरसा, डबवाली जो क्षेत्र हैं इसमें बढ़िया किस्म की कपास पैदा होती है और हिन्दुस्तान के सभी हिस्सों में जैसे अहमदाबाद, मुम्बई, मद्रास, सूरत आदि जहां-जहां भी सूती कपड़ा मिले हैं उन सभी मिलों में इस क्षेत्र की कपास जाती है। अगर यहां से रेलवे लाइन निकलती है तो यह सारा कपास रेलवे के द्वारा अन्य क्षेत्रों में आसानी से भेजा जा सकता है जो कि अब रोड ट्रांसपोर्ट से जाता है।

महोदय, इसके अलावा इस रेलवे लाइन का सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत बड़ा महत्व है। डिफेन्स के पाइन्ट आफ व्यू से भी इसकी बड़ी इम्पोरटेंस है। क्योंकि सिरसा जहां तक यह रेलवे लाइन जायेगी वह पाकिस्तान की सीमा के पास, के पास है। वायु सेना ने भी वहां बहुत बड़ा हवाई अड्डा बनाया हुआ है। सुरक्षा की दृष्टि से सिरसा को रेलवे का जंक्शन बना दिया जाये। एक लाइन पहले से ही रिवाड़ी से आती है और दूसरी लाइन यह चला दी जाये तो मिलेट्री को जरूरत पड़ने पर सामान रेलों के जरिए से पहुंचाया जा सकता है जो कि सड़क के रास्ते से नहीं पहुंचा पाते है। महोदय, दो तीन बातें महत्वपूर्ण हैं और अगर इनको ध्यान में रखते हुए नई रेलवे लाइन बनायी जायें तो इससे सरकार को भी फायदा होगा, रेलवे को भी फायदा होगा और एक ऐसा क्षेत्र रेल द्वारा जुड़ जायेगा जिसका संबंध सारे देश के साथ है। इसके अलावा मैं एक प्रस्ताव और रखता हूं कि नरवाना से पटियाला तक एक रेलवे लाइन डाली जाये जिसकी मांग इसी सदन के माननीय सदस्य श्री सुरजेवाला जी करते रहते है। और हमारे पंजाब के भाई भी कई बार इस लाइन की मांग करते हैं। यह तो हर दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण रेलवे लाइन है। इसको भी रेल मंत्री जी कृपया नोट करेंगे। आपके माध्यम से मैं यह निवेदन उनसे कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, तीसरी बात यह है कि रेलवे में स्टेशनों का विकास बहुत हुआ है। मुझे याद है कि आज से 50 वर्ष पहले जब कभी मुझे कलकत्ता जाने का मौका मिलता था तो दिल्ली से रेल में सवार होकर तीन दिन बाद हम लोग कलकत्ता पहुचते थे। हम लोग जब वहां पहुंचते थे तो हमारे तमाम कपड़े काले हो जाते थे और घंटों साबुन मलने के बाद भी वह कालिख नहीं उतरती थी। अब तो रेलवे में इतनी सुविधाएं हैं कि हम लोग 18 घंटे में राजधानी एक्सप्रेस से पहुंच जाते हैं और जितने अच्छे वस्त्र हम सफर में पहनते हैं उतने ही अच्छे वस्त्र वहां पहुंचने तक रहते है। इस प्रकार की गाड़ियां सभी लाइनों पर चल रही हैं। जहां पर कम हैं वहां ज्यादा चलाई जायें। जहां कहीं से गाड़ियां नहीं रूकती हैं तो वहां अन्य व्यवस्था की जाये और ये सुविधाएं वहां भी उपलब्ध कराई जायें। इसी सिलसिले में मै मांग करता हूं कि भिवानी जो मेरा गृह नगर है। वहां से हमारा राजस्थान के गंगा नगर तथा हनुमान गढ़ क्षेत्र से बड़ा वास्ता पड़ता है। उधर जाने के लिए कोई सीधी ट्रेन भिवानी से नहीं है यद्यपि भिवानी एक जंक्शन है। महोदय, रेल मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि जो दिल्ली से गंगा के लिए सुपर फास्ट ट्रेन जाती है अब वह रोहतक से जींन्द होते हुए जाती है। अगर उस ट्रेन को रोहतक से भिवानी होते हुए कर दिया जाये तो उससे इस क्षेत्र के लोगों को गंगा नगर और उधर के राजस्थान के एरिया में जाने के लिए बड़ी सुविधा प्राप्त हो सकती है।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं जो मेरे पूर्ववक्ता माननीय सदस्यों ने भी कही है कि रेलवे के अन्दर कई स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। यदि उस भ्रष्टाचार को समाप्त कर दिया जाये तो उससे रेलवे का बड़ी भारी इन्कम हो सकती है। आज करोड़ों टन माल रोड ट्रान्सपोर्ट के जरिये बम्बई, अहमदाबाद, सूरत और कलकत्ता जाता है। वह माल ट्रकों आदि से इसलिए जाता है क्योंकि यदि कोई अपना माल रेलवे से लोड कराता है तो लौड कराने वाले को यह भरोसा नहीं होता है कि हमारा माल सुरक्षित ठिकाने पर पहुंच जायेगा। दूसरे माल पहुंचने में समय भी बहुत लगता है। आज का जमाना बड़ी तेजी से चलने वाला है। हर कारखाने वाला, हर व्यापारी, हर आदमी यह चाहता है कि उसे माल जल्दी से जल्दी मिले। अगर इस कमी को दूर कर दिया जाये और रेलवे में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है, उसको प्रत्येक स्तर से कम करने का या उसके उन्मूलन करने का सशक्त उपाय किया जाये तो उससे रेलवे को बड़ा भारी लाभ होगा। इसका कोई जिक्र रेल मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में नहीं किया है। आपका अधिक समय नहीं लेते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी):** श्री मोहम्मद सलीम। आपकी पार्टी को 32 मिनट का समय मिला है।

**श्री मोहम्मद सलीम** (पश्चिमी बंगाल): उपसभाध्यक्ष जी, सबसे पहले तो मैं बधाई दूंगा रेल मंत्री जी को और इस सरकार को इस बजट के लिए। वह इसलिए नहीं कि

मैं पहले मध्य में था और अब मध्य से थोड़ा ज्यादा बाएं हट गया हूं बल्कि बजट भी थोड़ा जैसे स्टेटस-को मेन्टेन किया जाता था आजादी के बाद से, उससे थोड़ा हटकर हुआ। आज के बजट पर जो चर्चा हुई जिसमें राजगोपाल और शिन्दे जी जो बोले उससे पता चला कि यह बहस का मुद्दा बन चुका है। जिस तरह से नार्थ-ईस्ट का मामला है, जम्मू कश्मीर का मामला है।

यह पचास साल पहले होना चाहिये था। इससे हमें यह गर्व होता है और उन लोगों को भी जो इस देश के साथ जुड़े हुए नहीं लगते थे कि चलो देश की संसद् उनके बारे में कुछ सोचती है। यह सिर्फ दो चार सर्वे का आर्डर देना ही नहीं है, एक लम्बे दौर तक इसका असर रहेगा। बरसों से यहां चीखते रहे, मैं खुद यहां 6 साल से हूं और 6 साल से मांग कर रहा हूं कि नार्थ ईस्ट में रेल जानी चाहिये हालांकि मैं नार्थ ईस्ट से नहीं आता हूं, मैं बंगाल से आता हूं लेकिन अगरतला तक रेल जानी चाहिये। यह पिछली बार भी बहस का मुद्दा बना था लेकिन इतने दिनों तक सरकार ने पूर्वोत्तर भारत के बारे में जो रवैया अपनाया था उससे लगता है कि थोड़ा सा फर्क महसूस हुआ है। बहुत से दूसरे मामलों में ऐसा फर्क नजर नहीं आया। उस बात पर मैं बाद में आऊंगा लेकिन यह सरकार हमारी बधाई की पात्र हैं क्योंकि सिर्फ नार्थ ईस्ट के बारे में ही नहीं, हमारे बंगाल में एक कहावत है।

तेला माथाय तेल देवा

जिसके सिर में तेल है वहां थोड़ा ज्यादा तेल पड़ता है और माथे पर तेल नहीं है वह थोड़ा सूखा रह जाता है। बजट के दूसरे हिस्से में फ्रेट के बारे में, फेयर के बारे में जो पुराना रवैया था, मैंने पिछले दो साल बहस में हिस्सा लिया उस वक्त मैंने खुद कहा था कि जिस प्रोपोर्शन में शताब्दी और राजधानी का किराया बढ़ता है। सेकेंड क्लास में सफर करने वालों को उससे ज्यादा प्रोपोर्शनेटली किराया देना पड़ता है। इस बार थोड़ा प्रोपोर्शन ठीक लगा। जो दे सकते हैं, अफोर्ड कर सकते हैं और रेल भवन से ले कर रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर तक जिन लोगों की सेवा में लगे होते हैं, उनको थोड़ा ज्यादा किराया देना चाहिये। बाकी लोग जिनको छत पर सवारी करके जाना पड़ता है या जिनको पैर रखने की भी जगह नहीं मिलती है उससे आप ले कर के जो लोग सबसिडी के खिलाफ बात करते हैं हमेशा हमारे देश में ऐसे आम लोगों की जेब से पैसा खींच कर मुठी भर लोगों को सबसिडाइज किया गया, मैं उसकी तफसील में इस वक्त नहीं जाना चाहता हूं। पिछली बार भी मैंने बताया था, यदि वे रेल बजट की चर्चा पर ध्यान देते हैं तो उनको मालूम हो जाएगा कि किस तरह से ए.सी. फर्स्ट क्लास चलाने में कितना खर्च होता है और कितनी आमदनी होती है और सेकेंड क्लास का डिब्बा चलाने में किती आमदनी होती है और कितना खर्च होता है और मैंटेनस पर कितना खर्च होता है। इस सब का कास्ट बेनिफिट एनेलेसिज करेंगे तो मालूम होगा कि कुछ हद तक आपने इस बार बजट में इसको ध्यान में रखा है। लेकिन दिक्कत यह है कि एडहाकिज्म इस बार के बजट में भी है। मुझे पता नहीं है, कुछ लोग कहते हैं कि पोलिटिकल कंपलशन हैं या जो आफिसर लोग हैं उनका कंपलशन है लेकिन मेरा कहना यह है कि इसमें सामूहिक दृष्टिकोण रेल के बारे में होना चाहिये हमारे समाज को, हमारी अर्थ नीति को, रेल की क्या भूमिका है, उसको हम किस तरह से देखेंगे, ऐसा हमेशा नहीं होता है। इसका एक कारण तो यह होता है, मैं उस सदन के बारे में नहीं कह सकता हूं लेकिन इस सदन में भी जब इसके बारे में चर्चा होती है और बाद में जब मंत्री जी जवाब देते हैं तो सब लोग अपने अपने क्षेत्र की बात करते हैं। उस सदन में यह चीज़ थोड़ी ज्यादा होती है। हम यहां अपने अपने राज्य की बात करते हैंबरसों से यह रवैया चलता आया है कि आपको भी पांच पैसा, इनको भी पांच पैसा और उनको भी पांच पैसा जिसका नतीजा यह होता है कि न तो इसका बेनिफिट रेल को मिलता है और न देश को मिलता है। इस तरह से बरसों से कई प्रोजेक्ट चले आ रहे हैं जिनके लिए हर साल 10 हजार, 20 हजार, एक लाख, दो लाख दे दिया जाता है लेकिन काम कोई पूरा नहीं होता है। इस बार थोड़ा बढ़ कर के एक करोड़ दे दिया गया लेकिन लाईन बनती नहीं है, जो मिलना चाहिये था, वह मिलता नहीं है। अपने-अपने राज्य में जहां से जीत कर आए हैं भाषण दे सकते हैं कि मंत्री महोदय ने इस बार हमारी लाईन के बारे में सर्वे का आर्डर दे दिया है, उनकी लाइन के बारे में दे दिया है, लेकिन इसका नेट रिज़्ल्ट क्या है? आपका एक ईयर बुक है रेलवे का इण्डियन रेलवेज़ 1994-95, सरकार उसको सप्लाई करती है। मैं स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट पर बाद में आऊंगा। इसमें पिछले साल 1995 का आंकड़ा दिया हुआ है। लाईन कितनी बनी 18 किलोमीटर 1994-95 में हज़ारों करोड़ की बात कर रहे हैं, इतनी लाइनों की बात कर रहे हैं। जिस वक्त उदारीकरण के नाम पर हम टेलीविज़न के ज़रिये से, अखबारों के ज़रिये से, एडीटोरियल के ज़रिये यह कह रहे थे कि देश बड़ी तेजी से भाग रहा था उस समय 1994-95 में सेंट्रल रेलवे में सानीचरा से नौनैरा 14 किलोमीटर और ईस्टर्न रेलवे में कुलफी से करंजलि तक 4 किलोमीटर नई लाइनें बनायी हैं। इसमें जो केपिटल इनवेस्ट हुआ, उससे रिटर्न आने वाला नहीं है। हमें प्रायर्टी ठीक कर के रिप्रायर्टी करके प्राथमिकता के आधार पर

कुछ जगहों पर अपने काम पूरे करने चाहियें। 18 किलोमीटर रेल लाइन बनी तो इससे पता चलता है कि हम आज जो प्रोजेक्ट की बात कर रहे हैं, मंत्री महोदय ने जिन प्रोजक्ट्स का एलान किया है, वह बीसवीं सदी, 21वीं सदी या उसके बाद और भी कितनी सदियों के बाद कंपलीट हो पाएंगी।

हमें तो उसका फायदा चाहिए, हम जो नियोजन कर रहे हैं। मैं बजट का समर्थन करने में घबड़ाता हूं इसलिए कि पहले तो बजट का विरोध किया और सही मायनों में किया। नतीजा जो निकला इससे पता चलता है जब ये लोग कह रहे थे भाषण में कि देश आगे बढ़ रहा है, रेल आगे बढ़ रही है, तरक्की कर रही है। मैं कुछ आंकड़े बताता हूं। सरकार के दिए हुए हैं। एनुअल रिपोर्ट पेज 14 में हैं। इसको आप देखें जो इंडाइसेज आफ ग्रोथ आफ ट्राफिक आउट पुट एण्ड इनपुट है। 1950-51 का अगर 100 को बेस पकड़ा जाता है तो आप देखेंगे सब आंकड़े नीचे जा रहे है। खासकर पिछले 1991 से 1996 तक। 1991 तक हमारे पास अवेलेबुल है। 1996 का मामला अभी इसके साथ कम्पेयर नहीं किया गया है। लेकिन आप हर मामले में देखें। वैगन कैपेसिटी - जब अर्थ नीति बढ़ गयी, बहुत ज्यादा पूरे विश्व से यहां लोग आ रहे हैं और सरकार भी यह कह रही थी कि तेजी से हमारे इंडिस्ट्रयल हाउसैज भी बढ़ रहे थे, उस समय हमारी रेल की जो वैगन कैपेसिटी है, 1950-51 में अगर 100 हो तो 1990-91 में 278 और अभी है 260। वन डाउन वैगन कैपेसिटी। कोचेज - रूट बढ़े, लाइनें बढ़ीं, हर बजट में कुछ न कुछ ये नयी-नयी ट्रेनें डिक्लेयर करते जा रहे हैं, 1991-92 में 225। अगर 1950-51 में 100 को पकड़ा जाए तो 1950-51 के 100 से बढ़कर 1991-92 में 225 हुए और अभी वे हो गए 229। उससे पहले वे 1993-94 में 233 थे, उससे पहले थे 231। तो हम किस रूट को जा रहे हैं। रेल तो चल रही है। लेकिन रेल किस रूट की तरफ जा रही है। वह जहन्नुम की तरफ जा रही है, सत्यानाश की तरफ जा रही है या खुशहाली की तरफ जा रही है या शंटिंग करके किसी यार्ड के किनारे रखी हुई है यह मुझे पता नहीं चलता है। इसी तरह से बहुत सी चीजें हैं। मेरा समय कम है। लेकिन रेलवे की एनुअल रिपोर्ट देखने से पता चलेगा कि पिछले 4 सालों में हमारी गाड़ी रुकी हुई थी या पीछे चल रही थी। हम गाड़ी को आगे नहीं बढ़ा पाए। इंप्लायमेंट का मामला भी वहीं है। नौजवान बेरोजगारों के बारे में मैंने कहा था। मैंने पिछले बजट में भी कहा था। सरकार ने कहा कि, नहा-नहीं, अभी वर्ल्ड बैंक की यह रिपोर्ट है कि रेल को अगर फायदेमंद करना है तो जितने लोग काम कर रहे हैं इससे घटाओ। सन् 1974 में जब रेल मंत्री जी ने भाषण दिया था तो कहते थे कि हमारी रेल में 20 लाख कर्मचारी हैं। 1990 में भाषण दिया तो कहते थे कि 18 लाख कर्मचारी हैं, जब पिछले साल दिया तो कहा कि 17 लाख कर्मचारी हैं और इस बार राम विलास पासवान जी ने कहा कि 16 लाख कर्मचारी हैं। हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं? मान्यवर, मैं पहला सवाल लूं गेज कन्वर्शन का ... **(व्यवधान)** हां रीस्टक्चरिंग हो रही है। कंस्टक्चन है या डिस्ट्रक्शन है यह मुझे नहीं मालूम ... **(व्यवधान)**

SHRI V. NARAYANSAMY: Before that, you restructure your CPI-M.

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) :** सलीमजी, नारायणसामीजी तो बाद को बोलेंगे। इनका भाषण बाद में होगा।

**श्री मोहम्मद सलीम:** गेज कन्वर्जन बहुत से दूसरे साथियों ने कह दिया है। शिन्दे जी उसको रैशनलाइज कर रहे थे। लेकिन शुरू से हम लोगों ने यह कहा। पिछले चार साल से मैं यहां चीख रहा हूं कि क्या कोई एक मोटिव है गेज कन्वर्जन के बारे में। प्रधान मंत्री से लेकर रेल मंत्री तक ने पिछले चार साल से हम लोगों को कहा कि बेरोजगारी कैसे दूर होगी —— गेज कन्वर्जन हो रहा है। इतने हजार किलोमीटर हम गेज कन्वर्जन कर देंगे, सब लोगों को काम मिल जाएगा। गेज कन्वर्जन तो हो गया तब तक बेरोजगारी खत्म हो जानी चाहिए थी। गेज कन्वर्जन हुआ लेकिन ट्राफिक उस तरफ से पिक अप नहीं कर रहा है। गेज कन्वर्जन हुआ लेकिन आप इतना ज्यादा जो ट्राफिक ले जा सकते थे वह चला जा रहा है रोड्स में। डीजल की खपत हमारे देश में बढ़ रही है। विदेशी मुद्रा का उसमें खर्च बढ़ रहा है। हम गेज कन्वर्जन के विरोधी नहीं हैं। लेकिन पूरे विश्व में अगर जितने रेल ट्रेक्स हैं और उनमें से 20 परसेंट के मीटर गेज अगर इफीशियंटली चल सकते हैं तो हमारे देश में क्या जरुरत थी कि तमाम मीटर गेज को हमको ब्राड गेज में कन्वर्ट करना है जबकि विदेशी कहते हैं कि आपके मीटर गेज के स्क्रेप को हम अपने देश में फिर ले जाकर नान-प्रायोरिटी एरिया में लगा सकते हैं। तो सवाल है इफीशियंट रनिंग का। आपने ट्रेन्स को, मीटर गेज लाइन को तवज्जह नहीं दी। ठीक से चलती। शिन्दे जी ने कहानी बतायी कि लोग जल्दी जाना चाहते हैं इसलिए पैदल जाते है, मीटर गेज में नहीं चढ़ते हैं। इसमें न

तो लोगों की, न तो बेचारी मीटर गेज लाइन की कोई दुश्वारी थी। रेल बोर्ड से लेकर उस स्टेशन तक चलाने वाले जो लोग थे वे इनइफीशियंट थे। मीटर गेज ठीक से चल नहीं पा रहा है इसलिए मीटर गेज बदलकर ब्राड गेज लगा देंगे? और देश ठीक से चल नहीं रहा है तो क्या आप देश बदल देंगे? इसी को ठीक से चलाना पड़ेगा... **(व्यवधान)** मैं यह कह रहा था कि ब्राड गेज ही एक मात्र जवाब नहीं था। ब्राड गेज करके भी आप हल नहीं निकाल पाएंगे अगर इफीशियंसी को आप नहीं बढ़ाएंगे, करप्शन को अगर नहीं रोकेंगे।

करप्शन को अगर आप नहीं रोकेंगे। करप्शन तो रेल भवन का एक-एक ईंट कह रहा है। मैं इन तमाम बातों में नहीं जाऊंगा, किसी के खिलाफ मैं कोई एलीगेशन नहीं लगाना चाहता और इस मामले में नहीं था, गेज़ कन्वर्शन में ईज़ी था। स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट थी और मैंने पिछली बार कोट किया था। हमारे यहां रेलवे लाइन कैसे हो, कौन सी लाइन पर तवज्जह दी जाए गेज़ के बारे में, तो इसके बारे में तो वह नेशनल ट्रांसपोर्ट पालिसी कमेटी जो थी और रेलवे रिफार्म्स कमेटी 1982 है, उसके बारे में उसका अपना गाइड लाइन्स हैं। स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में उसको फिर से दोहराया है। हम लोगों ने यहां पिछले दो-तीन साल बजट की चर्चा के दौरान फिर कहा, मैं समय के अभाव से उन तमाम रेकमेंडेशंस में नहीं जा रहा हूं, लेकिन अभी भी जब उसको नई लाइन के बारे में कुछ सोचा जाए तो उसको इस बात में ध्यान देना चाहिए। गेज़ कंवर्शन अगर कहीं ऐसा हो कि लिंकेज का जरुरत है तो आप कीजिए। कहीं अगर ऐसा हो, आप कहते हैं, नहीं, ब्राडगेज़ लाइन आ जाएगा पिछले दो साल पहले जब यहां हो रहा था तो मनमोहन सिंह जी भी यहां बैठे हुए थे तत्कालीन वित्त मंत्री, वह कहते नहीं, ब्राडगेज़ लाइन जो है उससे डिवेलपमेंट होगा और आज भी वही कहा जा रहा है। अरे डिवेलपमेंट, कौन किसको आगे वह मंत्री जी भी कहे कि मुर्गी पहले या अंडा पहले, लेकिन सवाल यह है कि ब्राडगेज़ लाइन हो जाने से ही सिर्फ डिवेलपमेंट उसके पीछे-पीछे दौड़ कर, भाग कर चले आएगा ऐसे बात नहीं है। नार्थ बिहार में वर्षों से ब्राडगेज़ लाइन है लेकिन इंडस्ट्री वहां नहीं पहुंची है। इसलिए वह आर्गूमेंट न दें। उसके लिए दूसरे और भी, रेल के साथ दूसरे इंटर मिनिस्ट्रियल कोआर्डीनेशन की जरूरत है। सरकार को अपनी दिशा भी लेनी है। मैं तो बड़े कैनवस में नहीं जाना चाहता, लेकिन कैज्युलटी हो रही है। जहां लाइन थी ट्रेक रेल्युवल्ज़ की जरूरत थी ट्रैक रेन्युवल्ज़ नहीं हो रहे हैं। आप तमाम रिसोर्सेज़, अगर लिमिटेड रिसोर्सेज़ हैं और उसको अगर एक दिशा में आप ले जायेंगे तो बाकी बहुत सी दिशा में जो प्रायरिटी है वह पूरा नहीं होगा। ट्रैक रेन्युवल्ज़ पैंडिंग पड़े हुए हैं। इसी एनुअल रिपोर्ट में है। मैं इसको फिर कोट नहीं करना चाहता कि जितना ट्रैक रेन्युवल्ज़ कितना कैज्युलटी हुआ है। कितने पैडिंग हो गए हैं। उसको कौन करेगा और एक्सीडेंट्स जो हैं उसमें भी एक कंट्रीब्यूशन सी है नॉन-रेन्युवल आफ् ट्रैक्स, वह रिपोर्ट है। ट्रेन एक्सीडेंट्स हो रहे है, रेन्युवल्ज़ नहीं हो रहे हैं। दूसरी बातें सेफ्टी आस्पेक्ट्स में आयेंगी। जो पर्सनल हैं उनकी ट्रेनिंग का सवाल है। ट्रेनिंग नहीं होती है। यहां गाजियाबाद में एक स्कूल है सिगनल एंड टेलीकम्युनिकेशंस का और जो ट्रेनर्स हैं उनकी पोस्ट्स खाली हैं। जिनको आप प्रोमोट कर रहे हैं इंटर्नल में उनको आप ट्रेनिंग नहीं दे रहे हैं। अगर वह स्टैंडिंग कमेटी की जो रिपोर्ट है, एक तो अच्छी बात है हमारे सदन में भी मैं अपना दुख व्यक्त करता हूं कि स्टैंडिंग कमेटी की यहां ज्यादा लोग पढ़ते ही नहीं हैं, सरकार भी उसको पूरी हद तक मानती नहीं है और पत्रकार वगैरह भी ज्यादा उसको लेकर उछालते नहीं हैं। अगर ज्यादा उछाल दें तो सेफ्टी आस्पैक्ट से जो स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट है तो रेल में सफर करने वाले जो लोग हैं जो रोज़ाना आना-जाना करते हैं वे लोग थोड़ा थम जायेंगे कि इतना ज्यादा रेल में चलना नहीं चाहिए। जिस तरीके से लोगों की जान को लेकर खेला जा रहा है, बहुत बड़ा कोई एक्सीडेंट हो नहीं रहा है यह अलग बात है, स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट है सेफ्टी आस्पेक्ट में। आप ट्रेन एग्ज़ामिनर प्रोमोट कर देते हैं, कहते हैं ये प्रोमोटी हैं यानी विदाउट ट्रेनिंग उनको ट्रेन एग्ज़ामिनर कर दिया। स्टैंडिंग कमेटी इस बात को बता रही है। इसलिए उस आस्पैक्ट को थोड़ा ध्यान देना चाहिए।

दूसरी बात डबलिंग का है इसी तरह से जो कंजैशन रोकना चाहिए था रेल के बहुत सी जगह पर, रेलवे ट्रैक में जो कंजेशंस हो रहे हैं वह आप सब गेज़ कंवर्शन में जाने की वजह से जहां बहुत इसैंशल डबलिंग करने की जरुरत थी जो लाइन को वह काम भी पूरी हद तक नहीं हुआ। इस बार थोड़ा ध्यान दिया गया है लेकिन इससे ज्यादा जरुरत है। पैसेंजर एमेनिटीज़, तो पैसा खर्च ही नहीं किया अलाटमेंट का क्लीयरकट पैसेंजर एमेनिटीज़ के बारे में 1976-77 में जो टोटल प्लान साइज़ होता था रेलवे का उसको 1.17 परसेंट यह जो है पैसेंजर एमेनिटीज़ के लिए खर्च किया जाता था। अब ओवर द ईयरज़ वह कम होता जा रहा है। अभी पिछले दो-तीन साल से, आप बोलेंगे एमैनिटीज़ का एलोकेशन थोड़ा बड़ा किया है लेकिन बाद में जो रिवाइज़ करते हैं उसमें और जो एक्च्युअल जो होता है उसमें फिर वह परसेंटेज घट जाता है। एमैनिटीज़ के बारे में भी बड़े क्लास एप्रोच है। पीने के पानी का

बंदोबस्त आप नहीं करते हैं लेकिन वी॰आई॰पी॰ लांज में कलर टेलीविज़न आप दे रहे हैं और उसके बाद एमैनिटीज़ आप बता रहे हैं। तो जो कॉमन पैसेंजर्स हैं उसकी जो कॉमन जरुरत है, जो लैटरिन्ज़ का मामला है लेवेटरीज़ का मामला है, पंखा का मामला है, पीने के पानी का एक जार का मामला है, एक गिलास का मामला है, वह आप देखिए। रेल में जो एप्रोच आप ले रहे हैं वह एप्रोच को राम विलास पासवान जी मंत्री बनने के बाद, सी॰एम॰पी॰ होने के बाद, यूनाइटेड फ्रंट की गवर्नमेंट होने के बाद यह जो एलीटिज़्म था उसको थोड़ा खत्म होना चाहिए और यह जो गरीब लोगों की सरकार है वह उसको उस दिशा में यह मैसेज चला जाना चाहिए। यह मैसेज चला जाना चाहिए ऊपर से नीचे तक रेल दफ्तर का, कि पहले वाला जो था उसका ही नहीं, थोड़ा यह अफसर लोगों का भी रीओरिएंटेशन कैम्प होना चाहिए, ट्रेनिंग होनी चाहिए कि किस तरह से रेलवे सर्विस का कामन जो लोग हैं, जैसा अभी नरेश यादव जी बोल रहे थे, उनके साथ व्यवहार करता है।

महोदय, भ्रष्टाचार के बारे में मैंने कहा। अब यह अखबार खोलने से भी पता चलेगा। अखबार में पहले ही मैंने देखा था कि जब सरकार जाने वाली थी और नई सरकार आने वाली थी तो पहले जो एक साल का सामान खरीदा जाता था स्टेशनरी वगैरह, वह सब चार साल का, पांच साल का खरीद लिया गया। यह सब तमाम करप्शन है। बड़े-बड़े अफसरों का करप्शन भी है। पार्लियामेंटरी कमेटी की रिपोर्ट यहां आई नहीं, इसलिए मैं बोल नहीं सकता। किस तरह से उनकी जो टेण्डरिंग की प्रक्रिया है उसको गलत तरीके से इस्तेमाल करते हैं नीचे से ऊपर तक। जो आपके अफसर हैं, वह जो टेण्डर मानते हैं तो उनका उसमें वहां भंग होता है। इसमें इतने लाख रुपए होने से यह कर सकते हैं, डिवीजन इतने लाख होने से, इतने करोड़ होने से जोनल मैनेजर कर सकते हैं। .... (व्यवधान) .... आप आन्ध्र प्रदेश से आए हैं, साऊथ जोनल रेल के जनरल मैनेजर अभी पुराने जो थे, उनके पीछे सी॰बी॰आई॰ को लगवाया गया (व्यवधान) मैं किसी के नाम में नहीं जाना चाहता। ऐसे एक जगह नहीं, काफी हैं। यह तो हमारे जयपाल रेड्डी जी से थोड़ा परस्यू किया तो थोड़ा पता चला। ऐसे बहुत से मिलेंगे, अगर सब जगह परस्यू किया जाए तो वह पता चलेगा। कहते हैं कि पांच करोड़ से ऊपर होने से रेल भवन में आएगा। तो एक ही सेम कांट्रेक्ट को स्पिलिट कर देते हैं। एक ब्रिज बना रहे हैं लेकिन ऊपर वाला हुआ तो जो आर्डर है उसको वह स्पिलिट कर देते हैं और फिर बात करके कहते हैं कि यह लो पांच करोड़ का। इस तरह पचास लाख वाले भी कर रहे हैं अपने सारे दायरे के अंदर। इसको आखिर कौन देखेगा? बहुत पुराना, ब्रिटिश जमाने से कुछ रूल बना हुआ है।

महोदय, टेण्डरिंग के बारे में कहते हैं, सिंगल टेण्डर। यह सिंगल टेण्डर क्या होता है? अगर आपको टेण्डर देना है, जैसा टेण्डर का अलफाज ही है, बहुत से लोग बिड करेंगे और उसके बाद फाइनल होगा। वह तो एक खास कांट्रेक्टर को बुलाकर, उनका टेण्डर लेकर उनको आर्डर दे देंगे। आप बोलेंगे कि टेण्डर हो गया? बोलेंगे - हां टेंडर हुआ। मंत्री जी को ऐसा बोल देंगे। पूछेंगे - कैसे हुआ? कहेंगे - सिंगल टेंडर हुआ। यह सिंगल टेंडर क्या है? सिंगल टेंडर का मतलब क्या टेंडर ही नहीं हो सकता? यह तो फेवरिटिज्म हो सकता है। नोमीनेट भी कर सकते हैं। कोंकण वाला मामला हमें मालूम है। राजगोपाल जी बोले, मैं उसको रिपीट नहीं करना चाहता कि कैसे कांट्रेक्टर नोमीनेट होते हैं ऊपर से नीचे तक।

महोदय, जब यह टेंडर वाला मामला आया तो वैगन वाला मामला भी आ जाएगा। हाऊस समिति में हमने काफी चीख-चिल्लाहट की है। वैगन का नंबर थमता जा रहा है। रेल मंत्री जी भी खुद कहे हैं, इस बार की रिपोर्ट में भी है, पहले जिनता वैगन था उससे कम हो रहा है। अब आखिर में हम कह रहे हैं कि ग्रोइंग चेलेन्ज को मीट करने के लिए तैयार हो रहे हैं। कैसे होंगे, भाई? पहले तो अपने घर को देखना होगा, थोड़ा कैपेसिटी को बढ़ाना पड़ेगा। बोलते हैं कि हम एक एफिसिएन्सी बढ़ा रहे हैं। हमें कोई आपत्ति नही, आप एफिसिएन्सी बढ़ाइए, लेकिन यहां इस सदन में पंजाब के लोग जब बार-बार कहते हैं कि फूडग्रेन्स ले जाने के लिए हमें वैगन चाहिए, वैगन मिलता नहीं है, तो कैसे आप एफिसिएन्सी बढ़ा रहे हैं। अब यहां हाऊस कमेटी बनाई थी। उसकी रिपोर्ट को यहां डाला गया। स्टेंडिंग कमेटी वैगन के बारे में गहराई से गई थी, लेकिन कमेटी में कैसे क्या हुआ, हमने देखा। कहते हैं - ओपेन टेंडर में नहीं जाएंगे आप। वह सब पैसे बचाते हैं। आप कैसे पैसा बचाते हो? ओपेन टेंडर का अगर 14 करोड़ सरकार के एक विभाग का बचाते हो तो 70 करोड़ आइडल वेज से सरकार को देना पड़ता है, जनता को देना पड़ता है। तो यह कैबिनेट कमेटी का डिसीजन उसको वायलेट किया गया। इसको लेकर यहां हंगामा हुआ। अफसोस इस बात का है कि सदन में हम बात करते हैं, बजट यहां से पास करते हैं और रेल दफ्तर के अफसर कहते हैं, वह सरकार थी पुरानी वाली और अब नई सरकार आई है, स्टेंडिंग कमेटी को नोट नहीं दिया गया। यहां मंत्री जी से बाद में बुलवा दिया गया था और बाद में स्टेंडिंग कमेटी को वह

नोट दिया गया, वह चिट्ठी दी गई, जो वायलेट किया गया। इतना पावरफुल नहीं होना चाहिए। पार्लियामेंट सुप्रिम है। उसकी कमेटी जब कुछ डाक्यूमेंट मांगती है, तो उसका बायकाट किया, गलत तरीके से कोट किया। उसके बारे में भी जो हमारे नए मंत्री बने हैं उनसे हमें उम्मीद है, पुराने मंत्री जी के आने से, कि इस पर जरुर कुछ करेंगे और थोड़ा मंत्री महोदय को भी जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी कि ऐसा फिर कोई मौका न आए।

महोदय, ए०बी०बी० वाला मामला हम लोग जानते हैं। इसमें कहते हैं कि हम लोएस्ट प्राइस में टेंडर दिए। पिछली बार हमने इसी को लेकर हंगामा किया। इस बार भी वैसे ही हुआ। जो आर्डर दिया गया, बाद में टेण्डर प्रस्तुत हो जाने के बाद वह नंबर इन्क्रीज कर देते हैं सप्लाई का। यह है करप्शन और इसके लिए कौन लोग जिम्मेदार है, उनको मालूम करना पड़ेगा और उनके बारे में व्यवस्था लानी पड़ेगी। पैनीवाइज़ और पाउंड-फुलिश, इतने से नहीं चलेगा। छोटे-मोटे मामले तो देखते हैं लेकिन ऊपर जो करोड़ों के घपले हो जाते हैं, उनको कोई देखता नहीं है।

अब मैं रेल-एक्सीडेंट के बारे में कहना चाहता हूं कि हमेशा एक्सीडेंट होने पर रिपोर्ट आ जाती है कि यह ह्यूमन फेल्योर है। आपने ट्रेनिंग नहीं दी सिग्नलिंग में। 8वीं योजना का जितना टारगेट था, उसका आपने आधा भी खर्च नहीं किया, पैसा बेकार चला गया। आपने लोगों को ट्रेनिंग नहीं दी। आपका जब एक्सीडेंट होता है तो बोलते है - ह्यूमन फेल्योर। होता क्या है इसके बारे में मैंने एक अच्छी कहावत बनाई है। जब नीचे वाले कोई इंसान जुड़ जाते हैं, ड्राइवर आदि को यदि आपने बकरा बनाना है तो आप कहते हैं कि ह्यूमन फेल्योर और जब ऊपर वाले लोग जुड़ जाते हैं तो आप कहते हैं-सिस्टम फेल्योर। ऊपर वाले लोग भी तो ह्यूमन बीइंग हैं। ऊपर वाले लोग सिस्टम के साथ इतने इंटीग्रेट हो गए हैं, इतने जुड़ गए हैं कि वे नीचे वाले लोगों को सिसटम का हिस्सा नहीं मानते हैं। तो इंजन ड्राइवर यदि गलती करता है तो बोलते हैं ह्यूमन फेल्योर और ऊपर वाला जब कोई गलती करता है तो बोलते हैं सिस्टम फेल्योर। यह हर डिपार्टमेंट में है, फाइनेंस में भी हैं, बैंकिंग में भी है, तो उसको थोड़ा ठीक होना चाहिए। या तो जो ऊपर बैठे हुए हैं उनको ह्यूमन फेस देना पड़ेगा या नीचे वाले लोगों को सिस्टम से इंटीग्रेट करना पड़ेगा। इसके अलावा आर० एण्ड डी० में भी खर्चे को थोड़ा बढ़ाना पड़ेगा। अभी बनारसी जी भी कह रहे थे, शिन्दे जी ने भी कहा है, यह सही बात है। रिज़र्वेशन की डिमांड की क्या कोई स्टडी होती है? कभी-कभी साल के कुछ हिस्से में फ्रेट के बारे में और पैसेंजर के बारे में भी कुछ ज्यादा डिमांड होती है - लाइन लग जाती है, ब्लैक मार्किट होता है, टाउट्स होते हैं, लोग ट्रेवल एजेंसी के पास जाते हैं। हमारे यहां चाहे हावड़ा स्टेशन हो, चाहे बम्बई स्टेशन हो पैटर्न है ट्रैफिक मूवमेंट का और उस समय ज्यादा धांधली होती है। तो क्या बरसों तक ऐसा चलता रहेगा? क्या स्टडी करते हैं आप डिमांड की और उसके बाद उस कंजेशन को खत्म करने के लिए एक्स्ट्रा कोचिज़ लगाए जाएं, केपेसिटी बढ़ाई जाए, बैगन्स का प्रबंध किया जाए, अगर माल का मामला है तो उस बारे में आप क्या स्टडी करते हैं? मुझे ऐसा लगता है कि इस बारे में स्टडी होती नहीं है। हमारे यहां ऐसा होता है, पूजा वैकेशन के समय लोग जाते हैं। अब एक दिन, परटिकुलर डे में काऊंटर खुलेंगे। काऊंटर खुलने के एक या आधे घंटे के अंदर वे बोलते हैं कि टिकट एग्ज़ॉस्ट हो गए हैं। बम्बई में उत्तर प्रदेश से जो लोग जाते हैं, जौनपुर से, पूर्वी उत्तर प्रदेश से वे साल के एक समय,-बिहार से जो लोग जाते हैं, वापिस आते हैं। काऊंटर खुलते ही एक घंटे के अंदर रिज़र्वेशन बंद हो जाता है, लाइन में खड़े रहते हैं बहुत से लोग। इसी तरह से दिल्ली से लोग जाते हैं वैकेशन में दूसरी जगह पर। वैकेशन के वक्त एक ही मामला होता है। तो थोड़ा अगर आप ह्यूमन हों, राम विलास पासवान जी के नेतत्व में, उन लोगों के मन में थोड़ी आपके मन में अगर हमदर्दी हो तो आप इस बारे में जरा देखें और उस समय, खास उस समय, जैसे पूजा स्पेशल चलती है समर स्पेशल चलती हैं, इस तरह से चलाएं और इस बारे में स्टडी करें कि एक-एक रीज़न में किस समय, खास किस वक्त ज्यादा भीड़ होती है, ज्यादा रश होता है। सिर्फ करप्शन को या टाउट्स को पकड़ने से नहीं चलेगा, आपकी जो सप्लाई है उसको अगर आप इन्क्रीज़ कर देंगे तो जो आर्टिफिशियल ट्रेफिक तैयार होता है, वह खत्म हो जाएगा। कम्प्यूटर रिज़र्वेशन में भी टेम्पर करने की कोशिश की जाती है, उसका रोकने का भी बंदोबस्त करना चाहिए।

बुकिंग के बारे में एक बात अच्छी है इस बजट में, मैं उसका समर्थन करता हूं कि पोर्टब्लेअर, शिलांग वगैरह, जहां रेलवे लाइन नहीं भी है, वहां भी इसको एक्सटेंड किया गया है रिज़र्वेशन फेसेलिटी को। ऐसे बहुत से सेंटर हैं, खास करके हमारे रेल राज्य मंत्री, श्री सतपाल महाराज जी आते हैं पहाड़ी क्षेत्र से, जहां ट्रेन नहीं है, कुमाऊं रीजन, में, गढ़वाल में, नार्थ-ईस्ट में और अगरतला बगैरह दूसरे कई स्थान हैं, जहां रेलवे लाइन ले जाने के लिए कह रहे हैं, इन सब जगह आप रिज़र्वेशन फेसेलिटी दें क्योंकि आपके पास नेटवर्क है कम्प्यूटर्स का, आप सैटेलाइट के ज़रिए नेटवर्क चला रहे हैं। उसे आप एक्सटेंड करिए इस देश के हिसाब से ताकि उनको जहां रेलवे लाइन नहीं भी

हो, वहां से भी कोटा मिल जाए, रिज़र्वेशन मिल जाए। पूरे मुल्क के लिए यह रेलवे सर्विस है। रेल अगर नहीं भी पहुंची वहां तो वहां रेल की बुकिंग फेसेलिटी तो पहुंचे। यह आपको देखना चाहिए। अक्सर आप ऐसा करते हैं कि आप एजेंसी देते हैं, आउट एजेंसी देते हैं, रेलवे का अपना डिपार्टमेंटल अरेंजमेंट होना चाहिए वरना आप करप्शन को रोक नहीं पाएंगे, खास करके टूरिस्म वाली जगहों पर।

इसके साथ ही साथ अब मैं टूरिज़्म पर आता हूं। इस बार के रेल बजट में टूरिज़्म के बारे में पांच ट्रेनों की चर्चा की गई है, जो पुराने मंत्री जी ने कहा था उसके अंदर दो लागू हो जाएंगी और तीन लागू नहीं होंगी। लेकिन टूरिज़्म सिर्फ वह नहीं है, कुछ हमारे टूरिज़्म के सैंटर्स है, कुछ रीज़न्स हैं और खास करके हमारे अपने जो डोमेस्टिक टूरिस्ट्स हैं और जो टूरिस्ट्स बाहर से आते हैं, इन सबको ध्यान में रखते हुए हमें सोचना होगा। इसी तरह से नार्थ-ईस्ट में, जहां टूरिज़्म सैंटर्स हैं।

उसी तरह गंगटोक, दार्जिलिंग, कालिम्पौंग आदि जगहें हैं। इसी तरह से साऊथ में पुरी है, बिहार में बोधगया है और अन्य राज्यों में और भी कई स्थान हैं। वहां टूरिस्ट सीजन में स्पैशल ट्रेन चलाने की व्यवस्था करनी चाहिए। अगर आप पश्चिम बंगाल का मैप देखेंगे तो पाएंगे कि पार्टीश न की वजह से यह मैप एक स्ट्रीट जैसा लगता है। वर्षों पहले यहां जो दार्जिलिंग मेल थी, वह अब भी है। उससे पहुंचने में बहुत अधिक समय लगता है और यात्री लोग बस से पहले पहुंच जाते हैं। कलकत्ता में जो टूरिस्ट आते हैं, वे अगर दार्जिलिंग जाना चाहें तो पूछते हैं कि ट्रेन से कितना टाईम लगता है और बस से कितना लगता है। कोई भी ट्रेन से जाना पसंद नहीं करेगा क्योंकि इसमें इतना समय लगता है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस ट्रेन की स्पीड को बढ़ाना चाहिए। कलकत्ता से लोग वैस्टर्न बिहार जाते हैं, साऊथ की तरफ जाते हैं। इसलिए यहां टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए इस ट्रेन की स्पीड को बढ़ाना चाहिए। महोदय, पश्चिम-बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां आप बर्फीले पहाड़ और समुंद्र एक साथ देख सकते हैं लेकिन समुंदर और बर्फीले पहाड़ को जोड़ने में 14 घंटे लगें तो यह बात ठीक नहीं है। इसको 8 घंटे या 6 घटें तक लाना चाहिए।

महोदय, इसी तरह से और भी कई गाड़ियां चलाने की मांग लंबे समय से की जाती रही है और उनके बारे में मेरे साथी बताएंगे लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि कई जगह आपने मंत्रियों द्वारा उद्घाटन करवा दिया, पत्थर लगा दिया गया आर कुत्ता वहां गलत काम करता है ...(**व्यवधान**)... समझदार के लिए इशारा काफी होता है। महोदय, वहां रेल लाईन आज तक नहीं बनी है। इस बार आपने बजट में इन जगहों के लिए कुछ पैसा दिया है जैसे दीघा दमलूक के लिए दिया है लेकिन केवल एक करोड़ रुपए डेढ़ करोड़ रुपए देने से काम नहीं चलेगा। दूसरे राज्यों में भी ऐसे प्रोजेक्ट हैं जो 20 सालों से पैंडिंग पड़े हैं। प्रधान मंत्री जी द्वारा उद्घाटन करवा दिया जाता है, पत्थर लगवा दिया जाता है और वे प्रोजेक्ट उपेक्षित पड़े रहते हैं। मेरा निवेदन है कि इसका हिसाब लगाना चाहिए कि कितने ऐसे प्रोजेक्ट्स का आपने उद्घाटन किया है और वे आज किस स्थिति में है?

इसी तरह से अभी सब-अर्बन रेलवे का जिक्र किया गया है। सीजन टिकट में बढ़ोत्तरी न करके आपने सब-अर्बन कम्यूटर्स को राहत पहुंचाई है और इसके लिए मंत्री महोदय धन्यवाद के पात्र हैं। एक बात की ओर मैं मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि सब-अर्बन ट्रेन में चाहे वह कलकत्ता हो या बंबई हो, अगर आप धोती-कुर्ता पहनकर चलते हैं तो अंडरवीयर में बाहर निकलते हैं, इतनी भीड़ होती है। इसके लिए ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ानी पड़ेगी।

महोदय, कलकत्ता में सर्कुलर रेलवे अभी तक सिंगल स्ट्रीट है, सर्कुलर नहीं बनी। मैंने इस बारे में 6 बार प्रश्न किया तो मंत्री जी ने जवाब दिया कि कलकत्ता पोर्ट ट्रस्ट जमीन नहीं देता है इसलिए हम कुछ नहीं कर सकते। पोर्ट ट्रस्ट भारत सरकार का है, सरफेस मिनिस्ट्री भी भारत सरकार की है और रेलवे मिनिस्ट्री भी भारत सरकार की है। आप तीनों बैठकर बात कीजिए। यह खुशी की बात है कि कल एक प्रश्न के जवाब में मंत्री जी ने कहा कि हम जमीन देने के लिए तैयार हैं। मेरा सरकार से निवेदन है कि वह तीनों का कोआर्डिनेशन करे। सरफेस ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री, रेलवे मिनिस्ट्री और स्टेट गवर्नमेंट, इनका बैटर कोआर्डिनेशन करना चाहिए। सरकार को देखना चाहिए कि कहां पर क्या जरूरत है और उसको किस तरह से पूरा किया जा सकता है।

पोर्ट ट्रस्ट वाले या कलकत्ता पोर्ट ट्रस्ट या सर्फेस ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री अगर वह जमीन देने के लिए तैयार हो गई तो आपको सर्क्यूलर रेल को कम्पलीट करना पड़ेगा। अरबन ट्रांसपोर्ट का बोझ थोड़ा कम होगा। सियालदा हावड़ा ट्रांसपोर्ट का कंजेशन कम होगा और रोड ट्रांसपोर्ट में हम जो पैट्रोल और डीजल जला रहे हैं उसको भी थोड़ा कम कर पाएंगे। लोग डायरेक्टली रेल इस्तेमाल करके शहर के अंदर चले जाएंगे। इसी तरह से हमारी कई मांगें हैं। जब आप घंटी नहीं बजा रहे हैं तो मैं आगे गाड़ी चला सकता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी)** : मैंने समझा कि आपने कहा था कि आपके जो साथी हैं उनके लिए आप बहुत सी चीजें छोड़ रहे हैं।

**श्री मोहम्मद सलीम:** अगर मैं नहीं सोचूं तो हमारे साथी और आप तो सोचेंगे। जितनी तेजी से गाड़ी चलती है उतनी तेजी से अपनी बात को रख रहा हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी)** : और उसी तेजी से आप समाप्त भी करने वाले हैं।

**श्री मोहम्मद सलीम:** अब मैं निगेटिव पोइंट के बारे में शुरू करूं। यह 9 जोन से 15 जोन बनाने की बात आई। यह अच्छा सा नहीं लग रहा है - हाजीपुर। वैसे हाजी नाम ही बड़ा पवित्र होता है। रेल मंत्री वहां से आते हैं तो वह और भी अच्छा हो जाता है। उसकी क्या जरूरत है। हमारे क्या साधन हैं। थोड़ा पोजटिव एंगिल लेना चाहिए। वैसे कई जगह नए जोन की बात की गई है। मैं समझता हूं कि यह अच्छा होता कि मंत्री महोदय कहते कि मैं पटना में करना चाहता हूं और फिर लालू यादव जी वहां से कहते कि पटना में जगह नहीं है हम हाजीपुर में जमीन देते हैं,तो फिर हाजीपुर में आप कर देते। लेकिन यह परम्परा रही है, जनेश्वर मिश्र जी, हमें माफ करेंगे, एक के बाद एक मंत्री जब भी जो मंत्री बनते हैं या तो वह अच्छी ट्रेन का स्टॉपेज अपने यहां कर देते हैं या वह रेल लाईन वहां तक ले जाते हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी)** : मिश्र जी ने इलाहाबाद तो नहीं बनाया था।

**श्री मोहम्मद सलीम:** बहुत गाड़ियों का स्टॉपेज बन गया है, राजधानी का बन गया है। यह बात और है कि मुरली मनोहर जोशी जी कहते हैं कि मैंने बनाया, यह कहते हैं कि मैंने बनवाया। लेकिन राजधानी ने वहां रूकना शुरू कर दिया है। अपने क्षेत्र के लिए, अपने राज्य के लिए करना चाहिए लेकिन लोगों के पास ऐसा मैसेज नहीं चला जाए कि मैं भारत का नेता बनकर के, भारत का मंत्री बनकर के अपनी ही बात कर रहा हूं। यह मैसेज नहीं जाना चाहिए।

मान्यवर, हमारी स्टैंडिंग कमैटी की रिपोर्ट हैं लेकिन मैं समझता हूं कि आप हमें एलाऊ नहीं करेंगे, बहुत से सवाल हैं। जब यह ट्रांसप्रेंसी की बात कर रही है तो हम यह कहते हैं कि स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट को मंत्रालय के ऊपर जबर्दस्ती लागू हो, ऐसा कोई बंदोबस्त करना चाहिए। अगर वह नहीं होता है वह एक्सरसाईज बेकार है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी)** : अभी से आदत डलवा दीजिए पढ़ने की नए मंत्रियों को।

**श्री मोहम्मद सलीम:** इसलिए मैं इसको रैफर करना चाहता हूं कि आप बजट बनाएं तो उससे पहले स्टैंडिंग कमेटी देखते।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी)** : बस, इशारा कर दीजिए, आपने कहा था कि समझदार को इशारा काफी है।

**श्री मोहम्मद सलीम:** पिछली ग्रांट लेकर जब बात करते हैं तो उसके बारे में हमारे यहां कुछ रिकमंडेशंस हैं। उसको थोड़ा देखना चाहिए। यहां बहस में तो यह होगा नहीं। लेकिन स्टैंडिंग कमेटी बड़ी डिटेल में जाती है और बहुत सी बातों को मद्दे नजर रखते हुए अपनी कुछ रिकमंडेशन करती है। अगर उनको ध्यान में रखेंगे तो सही होगा। जो स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट है एक्शन टेकिन के बारे में, 21 रिपोर्ट हैं। उसमें यह लिखते हैं, पेज नं० - 2 पर, आईटम नं० - 6

"At the time of re-assessment of the requirement of wagons jointly by the Ministry of Railways and the Planning Commission, the 8th Plan target for acquisition of wagons was fixed at 1,20,000. However, the requirement of wagons was subsequently reduced to 81,000 without consulting the Planning Commission."

कौन प्लान करेगा इस देश का? रेल मंत्री के अफसर लोग।

"The Committee commented upon the action of the Ministry in dissociating themselves with the national planning process in an arbitrary manner..."

सीरियश बात है। मैं पूरी रिपोर्ट नहीं पढ़ रहा हूं। लेकिन ऐसे बहुत से मामले में है, आर्बिट्रैरी मैनर में कुछ आफिसर बैठकर के फैसला लेते हैं, वह नहीं होना चाहिए वह खत्म होना चाहिए। स्टैंडिंग कमेटी में कुछ अरेंजमेंट भी है और उसको इस तरह से दो-चार आफिसर के हाथ में छोड़ देने से नहीं चलेगा। मैं दूसरी रिपोर्ट के बारे में कहता हूं। यह रिपोर्ट स्टैंडिंग कमेटी की है। मैं रिपोर्ट को पढ़ता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी)** : आज के लिए काफी है, बाकी बाद में देख लीजिएगा।

**श्री मोहम्मद सलीम:** मैं हर स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट की एक-एक रिकमन्डेशन पढ़ता हूं ताकि थोड़ा समझ आ जाए कि ये सब बातें यहां पर बेकार ही में कही जा रही हैं। ये बातें पहले भी हो चुकी हैं लेकिन आप ध्यान नहीं देते हैं।

"The Committee had desired the Ministry of Railways to undertake a study so as to find out the impact of gauge conversion on freight and passenger traffic. The reply of the Ministry is silent about any such studies having been made."

कमेटी कहती है आप स्टेडी कीजिए। आप हज़ारों-करोड़ों रुपया खर्च करते हैं आप दाद ले रहे हैं लेकिन आप लोग स्टेडी नहीं कर रहे हैं तो स्टेडी तो करना चाहिए थोड़ा बहुत। मैंने दो लाइनें ही पढ़ी हैं - कमेटी कहती है कि आपने स्टेडी किया ही नहीं।

फिर कोच के बारे में है। मैंने प्रश्न किया कपूरथला के बारे में तो कहते थे, हमारी कैपेसिटी नहीं है और अब अंडर-युटिलाइज़ेशन ऑफ इनस्टॉल्ड कैपेसिटी है। अब देखिए कोच के बारे में पेज 40 पर, रिपोर्ट 19 में 124 आइटम पर। 124 रिकमन्डेशन्स हैं और उनमें से मैं सिर्फ लास्ट वाली पढ़ रहा हूं। 123 तक पढ़ने का या तो आप कष्ट करें या आपके अफसर कष्ट करें:

"The Committee feel concerned to note that 2,429 coaches in operation as on 31.3.1999 in railways have already surpassed their total life."

आप ठीक कहते हैं कि यह तीस साल चलेगा, यह चालीस साल चलेगा। यह कोई घोड़ा या कुत्ता तो है नहीं जो कुदरत के नियम के अनुसार मर जाता। बेचारा कोच तो खुद मर भी नहीं सकता जब तक कि आप उसको कंडम नहीं करते हैं। तो उसकी उम्र हो गई और उसके बाद भी आप पैसेंजर्स को मारने के लिए उसको चला रहे हैं। उसका लाईफ-स्पैन तो खत्म हो गया है।

"The feel that use of overaged coaches are saftey hazared for travelling public and recommend that efforts should be made to withdraw them completely from the railway fleet of coaches as early as possible."

कोच का नंबर भी कम हो रहा है। आप नंबर को ही देखते हैं लेकिन अगर आप उसकी ऐजवाइज़ देखें तो उसका लाईफ-स्पैन खत्म हो गया है। उसके बाद भी वे कोच चल रहे हैं जिनका रिप्लेसमेंट होना चाहिए। आपकी तरफ देखते हुए बाकी नहीं पढ़ रहा हूं लेकिन 20 तक रिपोर्ट का मैंने ज़िक्र किया है और जब आप कष्ट करेंगे पढ़ने का तो अगली बार और भी अच्छा बजट आप दे पाएंगे, रिवाइज़्ड बजट में थोड़ा सुधार लाएंगे और आर्बिट्रेरी मैनर में आप लोग जो निर्णय लेते हैं, उसको थोड़ा डेमोक्रेटिक सेंस सिखा देंगे, धन्यवाद।

**श्री अनन्तराय देवशंकर दवे (गुजरात)**: उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय रेल मंत्री ने जो बजट प्रस्तुत किया है, सभी लोगों ने अपने-अपने राज्य की ओर से कई लोगों ने जनरल तौर पर कई बातें बताई हैं लेकिन मुझे लगता है कि बजट प्रस्तुत करने से पहले जो पासवान जी कहते थे कि हर राज्य के एम०पीज़ के साथ बैठकर बातें होंगी तो कुछ राज्यों के एम० पीज़ से बात हुई भी थी, कुछ से नहीं हुई थी लेकिन अगर होतीं तो मोटे तौर से कुछ न कुछ राज्यों को जो दिया गया है, उसमें सुधार होता। रेल मंत्री जी ने जो प्रावधान किए हैं, मुझे लगता है कि उत्साह में आकर उन्होंने बातें कही हैं। अच्छा है, ये बस बातें हो जाएं, हम भी उसका समर्थन करते हैं। कई नई रेल लाईनें उन्होंने दी हैं पिछड़े इलाकों में, नेग्लेक्टेड ऐरियाज़ के लिए भी कई बातें की गई हैं। मैं उन्हें क्रिटिसाईज़ नहीं करता हूं कि पूर्वोत्तर राज्यों में क्यों नहीं दिया? लेकिन जहां नहीं है, वहां के लोग आपसे बराबर मांग कर रहे हैं।

आपने अपने बजट में छह नए ज़ोन बनाने की बात कही है। आपके पास वह पैसा कहां से आएगा, यह आपने बताया नहीं है। छह नए ज़ोन बनाने में आपके कितने पैसे लगेंगे, वह बात भी आपने बजट में कहीं नहीं बताई है।

आमतौर पर मुझे ऐसा लगता है कि यह बजट पूरा पेपर ही न रहे क्योंकि आपने गेज कंवर्जन पर 95-96 में 1174.97 और 96-97 पर 829.56 का, न्यू लाइन्स पर 95-96 में 281.71 और 96-97 में 220.55 का, डबलिंग के लिए 95-96 में 247.37 और 96-97 में 193.71 का, रोडिंग स्टॉफ पर 95-96 में 2030.56 तथा 96-97 में 1670.56 का, प्लान एक्सपेंडीचर में 95-96 में 5573 और 96-97 में 5380 का प्रावधान रखा है। इस प्रकार से हम देखें तो 95-96 में जो कुछ आंकड़े दिये गये वे सब 96-97 में सब में कम हैं। एक तरफ आप कहते हैं कि हम सारे देश में बड़ी मात्रा में गेज कंवर्जन करने वाले हैं, यूनि गेज लाने वाले हैं लेकिन आप ईमानदारीपूर्वक बताना कि सारे देश में क्या यूनि गेज हो जायेगा? मैं मानता हूं कि कई लाइनें ऐसी हैं जो छूट गई हैं जहां तक आप जा नहीं सके हैं। इसलिए आप ईमानदारी से हाउस में कह दीजिए कि इतनी लाइनें होने वाली हैं और इतनी लाइनें नहीं हो सकती हैं एक माननीय मंत्री ने हाउस में कह दिया कि हमने गुजरात में दो नई ट्रेन चलाई। हम सब लोग जानते हैं, आप भी जानते हैं कि अहमदाबाद और दिल्ली की लाइन का गेज कंवर्जन हो रहा है। गेज कंवर्जन होने की वजह से वह लाइन नवम्बर से बन्द हो गई है। आपने उस लाइन को डाइवर्जन करके आनन्द गोदरा से दिल्ली चला दिया है

और आपने बजट स्पीच में कह दया कि गुजरात में दो नई लाइने हैं। मुझे खुशी है कि ये लाइनें भी चलें औ जब गेज कंवर्जन हो जाये दिल्ली-अहमदाबाद का तो वे दोनों भी चलती रहें। मुझे ऐसा लगता है कि आप ऐसा नहीं करोगे, अगर ऐसा नहीं करोगे तो आप हाउस को मिस लीड कर रहे हैं, देश के लोगों को मिस लीड कर रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं और जो कि हमारी पुरानी डिमाण्ड है। मुम्बई में वेस्टर्न रेलवे का हैड क्वाटर है। यह उसी वक्त से चला आ रहा है जब महाराष्ट्र स्टेट था। वेस्टर्न रेलवे में 10,020 किलो मीटर की रेलवे लाइन है, उसमें से करीब-करीब 85 परसैंट ट्रैक्स गुजरात में है और दूसरे स्टेट में हैं, सिर्फ मुम्बई में और महाराष्ट्र में 12 प्रतिशत या कुछ दो-तीन प्रतिशत और हैं, इससे ज्यादा नहीं हैं। हम कई सालों से डिमाण्ड कर रहे हैं कि गुजरात स्टेट बन गया, वेस्टर्न रेलवे की सारी कार्यवाही वहां से चलती है तो उसका हैड क्वाटर मुम्बई में क्यों रखा है? हमने कई बार इस सदन में, लोक सभा में, प्रश्न के जरिए से, स्पेशल मेंशन के जरिए से और रेलवे बजट में कई बार यह बात उठाई है। रेल मंत्रालय को कई चिट्ठियां भी लिखीं लेकिन रेल मंत्रालय से आज तक कोई कंक्रीट जवाब नहीं आ रहा है। वे जवाब क्यों नहीं देना चाहते हैं यह समझ में नहीं आता है। गुजरात गवर्नमेंट ने तो यह भी कहा है कि हम आपको गांधी नगर में आफिस के लिए जमीन दे देंगे। हमसे जो कुछ भी सुविधा चाहिए, वह सुविधा दे देंगे। परन्तु रेल मंत्रालय से कोई जवाब आज दिन तक नहीं आया है। रेलवे अफसरान क्यों नहीं चाहते, यह मुझे पता नहीं है? लेकिन ऐसा तो लगता है कि मुम्बई में जो वेस्टर्न रेलवे का हैड क्वाटर है उसको रेल मंत्रालय गुजरात को देना चाहता है।

एक बात की ओर मैं आपका ध्यान खींचना चाहता हूं कि आपकी जो बुक है, यह आपने बड़ी अच्छी बुक बनाई है। मैंने इसमें पढ़ा है कि आपके रेलवे में चोरी भी होती है। कई लोगों का माल चोरी चला जाता है, लेकिन एनुवल रिपोर्ट और इयर बुक दोनों में इनके लिए एक शब्द भी नहीं दिया गया है। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या रेलवे में चोरियां बन्द हो गई है या चोरी करते हैं वे पकड़े गये हैं? कुछ तो विवरण दीजिए। कई जो कम्पलेन्ट्स आ रही हैं। उनका न तो कहीं एनुवल रिपोर्ट में ज़िक्र है और न ही कहीं इयर बुक में ज़िक्र है।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि आपने आंकड़े दिये हैं सेफ्टी परफोर्मन्स के इयर बुक में। उसमें एक्सीडेन्ट्स में जो लोग मारे गये हैं, उनमें काफी डिफरेन्सेज हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि ऐसा क्यों हो रहा है? मैं माननीय मंत्री जी से रिक्वेस्ट करूंगा कि जब वे जवाब दें तो यह बतायें कि कई लोग जो एक्सीडेन्सट्स में मर गये हैं उनका उल्लेख एक बुक में है और एक में नहीं है, ऐसा क्यों है?

तीसरी बात जो मैं आपको कहना चाहता हूं प्लान allocation in the year 1993-94 and 1994-95 and the actual expenditure were as follows.

जो आपने अपनी बुक में दिया है, उसमें से तीन चार हैडिंग्स की ओर मैं आपका ध्यान खीचना चाहता हूं। कम्प्यूटराइज़ेशन में जो एक्चुअल एलोकेशन किया था वह 70 करोड़ था, लेकिन खर्च हुआ 50 करोड़। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह क्यों खर्च नहीं किया गया? साईस में रेलवे डेवलपमेंट के लिए रिसर्च हो रहा है उसके लिए आपने करीबन 8.83 करोड़ रखा था फिर आपने सात करोड़ ही क्यों खर्च किया? आज देश और दुनियां में रिसर्च का काम चल रहा है, उसमें भी कम खर्च किया। पुलों के निमार्ण के लिए आपने 90 करोड़ रूपया रखा था और आपने खर्च किया सिर्फ 73 करोड़। ये छोटी-मोटी कम्पलेंट मैं आपको बता रहा हूं। आपने पैसा तो रखा है लेकिन खर्च कम किया है, ऐसा क्यों किया है? यह सब आपकी ही की बुक में है। आप यह बतायें कि आपने यह पैसा कम क्यों खर्च किया है?

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी):** आपके काफी साथी हैं।

**श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** मैं कम्पलीट कर रहा हूं। अगली बात मैं यह बता रहा हूं कि हमारा बैकवर्ड एरिया है। हम 1977 से डिमान्ड कर रहे हैं, वहां सिर्फ 58 किलोमीटर की रेल लाइन थी वह भी कन्वर्जन हो गया है। 11 करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान भी किया है, लेकिन मेरी रिक्वेस्ट है कि आप काम शुरू करिये क्योंकि हमारा एरिया बैकवर्ड है, निग्लेक्टिड है और बार्डर का एरिया है। वहां आज तक कोई सुविधा नहीं है सिर्फ 58 किलोमीटर मीटरगेज लाइन है। आपने एक साल से चल रहे अपने प्रोजेक्ट में कन्वर्जन करने का प्रावधान किया है। एक ट्रेन जो पहले नलिया तक चलती थी वहां पर भी कन्वर्जन कराने के लिए कुछ प्रावधान किये हैं। उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

मैं उसी के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। आपने बहुत अच्छा काम किया है। गुजरात में नई सुविधा भी दी है वीरावल से पिपावाव। लेकिन जो मेन इश्यु है, वह है पेसेंजर सेफ्टी और पैसेंजर अमेनीटीज़। मैं इसकी डिटेल में नहीं जाना चाहता हूं लेकिन जो 6.2 प्रतिशत

रेलवे स्लीपर में जाते हैं, जो सेकेंड क्लास मेल में जाते हैं उनके पास से रेलवे को ज्यादा से ज्यादा रेवेन्यू मिलता है और उनके पीछे आप जो खर्च करते हैं, वह भी आप देख लीजिये। स्टेशन की हालत देख लीजिये, पीने के पानी की हालत देख लीजिये। एक रेलवे स्टेशल नलिया आपने बनाया है। उस स्टेशन का कोई आफ़िस नहीं है, स्टेशन मास्टर नहीं है। एक ही आदमी टी॰सी॰ है जो बैठ कर वहां तक जाता है। बीच में जो फाटक आते हैं,उसमें वह आदमी जो साथ जाता है, जब फाटक आता है तो ट्रेन रूकती है, आदमी उतरता है, फाटक बंद करता है, फिर ट्रेन आगे जाती है। फाटक खोलता है, फिर ट्रेन में बैठता है। इस तरह के 8 फाटक हैं और डिस्टेंस सिर्फ 62 किलोमीटर है। इसमें जाने के लिए साढ़े तीन-चार घंटे का समय लग जाता है। इस गाड़ी में हमारे जवान जो बार्डर पर बैठे हैं, वह यात्रा करते हैं। वहां पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है, न बिजली की सुविधा है। मेरा कहना यह है कि मंत्री जी इस पर भी ध्यान दें।

महोदय, बलसार से बड़ौदा तक इंटरसिटी चलती है। उस इंटरसिटी को दाहोद तक एक्सटेंड कर दिया जाए। लॉस्ट प्वाइंट यह है कि कच्छ से दिल्ली तक मीटर गेज पर ट्रेन चलती है। अब यह लाइन मीटर गेज से ब्रॉड गेज में कनवर्ट होने वाली है। वह पैंसजर ट्रेफिक बंद हो जाएगा तो यह लोग दिल्ली तक कैसे जाएंगे? कच्छ से एक ट्रेन अपटू मुंबई जाए और बड़ौदा तक उसमें कुछ डिब्बे लगा दिये जाएं ताकि लोग बड़ौदा से दिल्ली आ सके। इतनी सुविधा आप दे दें। बाकी जो कुछ आपने किया है, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यावाद। उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, आपका क्रिया।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी)** : धन्यवाद दवे जी। मंत्री जी, मैं भी होम सेक्रेटरी होने के नाते वहां गया हूं। आप उधर कुछ थोड़ा सा ज़रूर ध्यान दीजिए।

Shri M. Venkatachalam.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, two people have been called; Mr. Salim from this side and our friend, Mr. Dave, from that side.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI) I was going by the numbers... (*Interruptions*)...

SHRI V. NARAYANASAMY: Two people have been called from there... (*Interruptions*)... After Mr. Banarsi Das Gupta, my name is there.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): I thought for the present he has substituted you, but you came a little bit late. We can exchange with Shri Virendra Kataria. So far as I am concerned, just allow Mr. Kataria.

SHRI V. NARAYANASAMY: I agree, Sir.

**श्री वीरेन्द्र कटारिया** (पंजाब) : वाइसचेयरमैन साहब, मैं आपका बहुत मशकूर हूं कि मेहरबानी करके आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

**उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी)** : आपके काफी साथी है कटारिया जी।

**श्री वीरेन्द्र कटारिया (पंजाब)** : मैं कोशिश करूंगा कि थोड़े अरसे में अपनी बात आपसे कह सकूं। सब से पहले तो मैं रेल मंत्री जी को मुबारकवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने एक बहुत अच्छा, मुत्तवाज़न आर बैलंस्ड बजट पेश किया है। मुझे इससे भी ज्यादा खुशी इस बात की है कि हमारे मौजूदा रेल मंत्री एक शैल से निकल कर, ग्रेट मुगलों के ज़माने से निकल कर एक आम आदमी की दुनियां में आए हैं और आम आदमी की बात उन्होंने कही है। मैं महसूस करता हूं कि अब वक्त ऐसा आ गया है कि आम आदमी की समस्याओं को उनके नुक्तेनिगाह से देखना चाहिये और हमारे रेल मंत्री साहब ने इस नुक्ते निगाह से सारी प्रोब्लम को देखा है। और छोटी छोटी मुश्किलात जो आम आदमी रेल के सफर में महसूस करते हैं उस तरफ तवज्जह दी है मैं फिर उनको इस बात के लिए मुबारकबाद देता हूं। उन्होंने बहुत बड़े, लम्बे-चौड़े, ऊंचे दावे करने की बातों से हटकर एक आम आदमी का बजट पेश किया है। मैं उसके लिए भी उनको मुबारकवाद देता हूं। जहां तक रेलवे का सवाल है यह आम आदमी के लिए ट्रांसपोरटेशन है, यातायात का सबसे बड़ा साधन है इसके साथ-साथ, कन्याकुमारी से लेकर काश्मीर तक हिंदुस्तान को यह रेल जोड़ती भी है। हिंदुस्तान में जो मुख्तलिफ कल्चर है।, रंगारंग खाना-पीना, अलग पहरावा, अलग बोलियां, इन सब कल्चरों का अगर कोई संगम है तो वह रेल है। रेल के किसी डिब्बे में बैठकर देखिए तो आपको एक छोटे से हिंदुस्तान का नक्शा नजर आएगा हिंदुस्तान को जोड़ने का, कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक हमारी कल्चर को एक रखने का, हमारे खान-पान को एक रखने का, हमारे पहरावे को एक रखने का और एक न होते हुए भी एक बनाने का रेलवे का यह रोल है इस बात को हमें फख है और रेलवे का यह जो रोल है इसको भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

वाइस चेयरमैन साहब, इस काम के अलावा-जो रेलवे हिंदुस्तान को जोड़ती है — हिंदुस्तान की इक्नामी को भी इस रेलवे के जरिए आगे बढ़ाया जाता है। इस इक्नामी की ग्रोथ के लिए रेलवे का जो रोल है वह भी कोई कम अहम नहीं है। रोजाना 5 हजार फ्रेट ट्रेन्स 1.8 मिलियन टन्स माल एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है, अनाज ढोती हैं, डीजल ढोती हैं, जिंदगी की जरूरियात की वस्तुएं ढोती हैं, सीमेंट ढोती हैं और इसके साथ साथ देश के डिफेंस के लिए हमारे जवानों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाती हैं। फौजी साजो-सामान को एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। हमारे डिफेंस के लिए, हमारे देश की सरहदों की हिफाजत के लिए रेल का जो रोल है उसको भी हम नजरअंदाज नहीं कर सकते और रेल इस बात को जिस खूबी से सर-अंजाम दे रही है उसके लिए भी मैं इसकी सराहना करता हूं।

इस रेलवे बजट में मिनिस्टर साहब ने रेल भाड़ा, किराया बढ़ाया है और सेकेंड क्लास के अंदर जो लोग सफर करते हैं जो 90 फीसदी हैं उनके किराये भाड़े में कोई इजाफा न करके उन्होंने आम आदमी को राहत दी है। ए.सी. फर्स्ट क्लास, ए.सी. सेकेंड क्लास, ए.सी. चेयर कार पर जो उन्होंने 10 फीसदी का इजाफा किया है, रेलवे के उत्थान के लिए रेलवे को और आगे बढ़ाने के लिए, और सुविधाएं देने के लिए मैं इसको जायज समझता हूं। लेकिन इसके साथ उन्होंने सेकेंड स्लीपर के ऊपर, दो सौ किलोमीटर के ऊपर 5 फीसी इजाफा किया है। एक तरफ तो ये कहते हैं कि 90 फीसदी आदमी जो सेकेंड क्लास में सफर करते हैं वे लो इन्कम ग्रुप से ताल्लुक रखते हैं तो मैं वजीरे रेल साहब से यह कहना चाहता हूं कि जो सेकेंड क्लास के स्लीपर में सफर करते हैं वे भी उसी लो इन्कम ग्रुप से ताल्लुक रखते हैं। तो यह दलील अच्छी नहीं लगती कि उन पर तो कोई इजाफा किया जाए लेकिन तो लंबी दूरी के स्लीपर में सफर करते हैं और लो इन्कम ग्रुप से ताल्लुक रखते हैं उनके ऊपर पांच फीसदी का इजाफा किया जाए। महंगाई की चक्की में वे लोग पहले पिस रहे हैं मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा आपकी वसातत से वाइस चेयरमैन साहब, आपसे मैं कहूंगा रेल मंत्री जी कि आप इस 5 फीसदी के इजाफे को वापस लीजिए। आज का गरीब महंगाई की चक्की में इतने जोर से पिस रहा है कि उसमें और मज़ीद पिसने की गुंजाइश नहीं है और मैं इस बात की आपसे तवक्को करूंगा कि इस 5 फीसदी के इजाफे को आप वापस ले। आपने मालभाड़े के किराए में जो 10 फीसदी का इजाफा किया है यह ठीक है कि यह किराए 1993 में मुकर्रर किए गए थे और इनपुट्स की कीमत बढ़ जाने के बाद इसमें वाकई ही गुंजाइश है कि इनमें इजाफा किया जाए लेकिन इसके साथ-साथ आपने जो जरूरियात-ए-जिन्दगी की एग्जंप्शन दी है, जो चीज़ें इन ट्रांसपोर्टेशन आम आदमी की जिन्दगी के लिए होती हैं और जरूरी चीज़ें हैं वह भी आपके कदम की मैं सराहना करता हूं। यह भी आपने एक ठीक कदम उठाया हैं आजादी के 50 साल के बाद आज भी हिन्दुस्तान में ऐसे बहुत से इलाके हैं जहां कि लोगों ने रेल पर एक धरना तो दरकिनार रेल को हाथ लगाकर नहीं देखा, रेल की शकल नहीं देखी, यह अपने आप में खुद एक फुल कमेंट हैं। इसकी तरफ आपको तवज्जह देनी चाहिएं आज भी हिन्दुस्तान में ऐसे बहुत से इलाके हैं जिसमें रेलों की भरमार है और आज भी हिन्दुस्तान में ऐसे इलाकों की कमीं नहीं जहां गाड़िया तो चलती हैं लेकिन ऐसे लगता है कि ये इंसानों की गाड़ियां नहीं, ये जानवरों की गाड़ियां हैं। कहां एक ही फुल कोचिज़ वाली गाड़ियां चलती हैं। एक के बाद एक चलती हैं दूसरी चलती है, तीसरी चलती है, लेकिन वहां वे इलाके भी हैं जहां पुराने घिसे-पिटे डिब्बे, जिनमें कोचेज़ में कोई पानी नहीं है, जिनकी छत जब बारिश आती है तो टपकती है बरसात से और जिसके अंदर कोई सफाई नहीं है। टायलट के अंदर आप जाएं तो बदबू मारती है और उसके अंदर मुसाफिर गाड़ी के अंदर भी होते हैं और गांड़ी के ऊपर भी होते हैं। उसको अगर आप सुविधा कहते हैं, अगर 50 साल के बाद भी ऐसी गाड़ियां हमारे मुल्क में चलती हैं तो मैं यह समझता हूं कि हमारे सिस्टम में कोई गलती है, कोई कमी है, क्योंकि आम आदमी के इन्टरेस्ट को आज भी नहीं देखा जाता। जहां गाड़ियों की जरूरत नहीं है वहां गाड़ियां और चलाई जाती हैं लेकिन नीड बेस्ड जो एरियाज़ हैं, परन्तु वहां चूंकि पिछड़े हुए इलाके हैं, वे कोई वोकल आदमी नहीं हैं, अगर वोकल होना जरूरी है नई गाड़ी चलाने के लिए तो फिर सरकार नाम की चीज़ किस बात की है। सरकार तो वह है जो लोगों की जरूरत को समझे उनके दुख का एहसास करे और उस एहसास को देखते हुए वहां गाड़ियां चलाए। मैं आपकी खिदमत में दरख्वास्त करना चाहता हूं कि आप उन इलाकों को देखें जहा गाड़ियां बहुत कम तादाद में चलती हैं और लोग भेड़-बकरियों की तरह उन गाड़ियों में ठूस दिए जाते हैं।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि एक अजीब रिवाज़ हमारे मुल्क में है कि जिस इलाके का या जिस प्रांत का वज़ीर आता है सब गाड़ियां उसी तरफ चलने लग जाती हैं। अगर कोई बंगलौर से आता है तो तीन गाड़ियां बेशक ए.सी. बंगलौर पहले जाती हों, एक फुल

एंअरकंडीशंड गाड़ी बंगलौर फिर जाएगी। कोई वाराणसी से आता है तो सब गाड़ियों का रुख वाराणसी की तरफ हो जाता हैं कोई भिवानी से आता है तो भिवानी स्टेशन बेशक किसी से कनैक्ट हो न हो लेकिन वहां गाड़ियां चलती हैं। इस तरीके से यह रिजनल इंबैलेंसज़ हमारी रेलवे में पैदा हो गए हैं उसके मुत्तालिक लोगों को बहुत बड़ी शिकायत है और यह शिकायत आज मैं रेलवे बजट के दरम्यान पेश करना चाहता हूं और इस शिकायत का हिस्सा पंजाब भी हुआ है।

आजादी के 50 साल गुजरने के बाद भी इन 50 साल में एक इंच रेलवे लाइन में नहीं डाली गई। जह पंजाब, जिसके नौजवान हिन्दुस्तान की सरहदों की हिफाजत करते हैं, वह पंजाब जो सारे हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा अनाज पैदा करके आपके पूल को 60 फीसदी हिस्सा देता है, वह पंजाब जो सबसे ज्यादा गेहूं पैदा करता है, सबसे ज्यादा काटन पैदा करता है और सबसे ज्यादा जवान आपकी फौज में देता है, जो हिन्दुस्तान की सरहदों की हिफाजत करने हैं, अगर ऐसे बहादुर पंजाब को, जहां कि लोग पार्टिशन के बाद अपने घर छोड़कर आए, अपनी जायदाद छोड़ के आए, अपने माल असबाब को छोड़कर आए, बर्बाद होकर आए, आजादी में अपना हिस्सा डाला, काला पानी की जेल में चले गए, बहादुर नौजवानों ने हिन्दुस्तान के लिए कुर्बानियां दीं, पंजाब के लोगों का नाम सरेफहरिश्त होगा, लेकिन जब उसके डवलपमेंट का सवाल आता है तो उनके लिए गाड़ी नहीं है, एक इंच भी रेलवे लाइन नहीं है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, में आपकी खिदमत में यह कहना चाहता हूं कि पंजाब में दो-तीन गाड़ियों की बहुत जरूरत है। रेलवे मिनिस्टर साहब, आप अपनी कलम को उठाइए और लिखिए, जो मैं कहना चाहता हूं। पंजाब की तरफ से पंजाब की सबसे बड़ी मांग यह है, जो 30 साल से चली आ रही है, कि हमारी एक राजधानी है, जिसका नाम है चंडीगढ़, उसको अभी तक पंजाब के किसी कोने से मिलाया नहीं गया, तीस साल से यह डिमांड चल रही है, मैं आपसे कहना चाहता हूं चंडीगढ़ को लुधियाना से आप डायरेक्ट मिलाइये ताकि पंजाब की राजधानी जो है वह पंजाब के दूसरे हिस्सों से मिल सके। पंजाब के सारे मैम्बर आफ पार्लियामेंट की और पंजाब के लोगों की आपसे यह बहुत बड़ी मांग है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम)** पीठासीन हुए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इसके अलावा में आपसे यह अर्ज करना चाहता हूं कि हरिद्वार, जहां से आप आए हैं, हिन्दुओं का बहुत बड़ा तीर्थ है और दुनिया भर के हिन्दू वहां गंगा मैया में स्नान करने आते हैं। कितने दुख की बात है कि सारे पंजाब से एक गाड़ी भी डायरेक्ट नहीं चलती, जो हरिद्वार जाती हो। हजारों और लाखों लोग अम्बाला के स्टेशन पर खुली जमीन पर आठ-आठ, दस-दस घंटे बैठते हैं तब उनको कनेक्टिंग गाड़ी हरिद्वार के लिए मिलती है। मेरी दूसरी दरख्वास्त जो मैं आपसे करना चाहता हूं, वह यह है कि श्री गंगानगर से हरिद्वार के लिए एक सीधी गाड़ी आप चलाइए। तीन साल मुझे इसके लिए कहते हुए हो गए। हर रेलवे मिनिस्टर और रेलवे बोर्ड के हर चेयरमेन ने कहा कि यह जेनुएन मांग है, लेकिन कहते हैं कि कोचेज नहीं हैं, पावर नहीं है, वायबिलिटि नहीं है। दूसरे इलाकों के लिए कोचेज भी मिल जाते हैं, वायबिलिटि भी हो आती है, पावर भी मिल जाती है, लेकिन जिस इलाके के लोग गाड़ी की छतों पर बैठकर चलते हैं, उनके लिए कुछ नहीं। अगर आपके आफीसर यह कहें कि वायबिलिटि नहीं हैं, तो मुझे शर्म आती है कि कितनी गलत बात कहकर एक जायज मांग को रोका जाता है, उसमें रोड़े अटकाए जाते हैं। मैं आपकी खिदमत में यह कहना चाहता हूं कि जमाना बदला है, राज बदला हैं, जहां लोगों की हैसियत, लोगों के जजबात को नहीं समझा जाता था। आज एक गरीब का बेटा रेलवे मिनिस्टर बना है और आप जिस जगह से आए हैं उसका नाम हरिद्वार है, मैं आपसे यह चाहूंगा कि आप उस गाड़ी को फौरन चलवाइए और इसमें अब देर न करिए। लाखों लोग इस बात के मुन्तज़िर हैं कि आप इस गाड़ी को चलाने के लिए श्रीगंगानगर आइए और इस गाड़ी को जल्दी से जल्दी चलवाइए।

महोदय, तीसरी बात जो मैं आपकी खिदमत में कहना चाहता हूं, वह यह कि आतंकवाद, टेरारिज्म हमारे पंजाब में आया, जिसमें तीस हजार लोगों ने अपनी जान की कुर्बानी दी और तब अमन हमारे पंजाब सूबा में बहाल हुआ। उस अरसा में बेतहाशा गाड़िया सस्पेंड कर दी गई, बंद कर दी गई। केवल सुबह के वक्त गाड़ियां चलती थीं और पांच बजे के बाद, आठ बजे के बाद कोई गाड़ियां नही चलती थीं। उन गाड़ियों को रेस्टोर करने के बाद आज भी बहुत सी गाड़ियां बंद हैं। मुझे मालूम नहीं क्यों? नई गाड़ियां तो आप नहीं चला सकते, लेकिन टेरारिज्म की वजह से जो गाड़ियां बंद की गई, उनको आप आज भी बंद किए हुए हैं, मुझे इसकी कोई वजह समझ में नहीं आती। मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि अब बिना आगे किसी डिले के सारी गाड़ियां रेस्टोर की जाएं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक ट्रेन अमृतसर से जो चंडीगढ़ जाती थी, वह बंद है। चार साल हो गए, पांच साल हो गए

कहते हुए कि आप इसको रेस्टोर कीजिए। अमृतसर पंजाब का सबसे बड़ा शहर है। क्या वह भी हमारी केपिटल से जुड़ नहीं सकता? नई ट्रेन चलाने की बात नहीं है, जो ट्रेन आपने बंद कर रखी थी टेराजिज्म की वजह से, अमन आ गया है, लेकिन आपके अफसरों के कानों पर जूं नहीं रेंगती।

अपने आप इसको चलाया जाए और जब इसकी फरियाद की जाती है तब भी बहरे कानों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता।

मैं आपसे एक और दरख्वास्त करूंगा कि ये दो गाड़ियां जो फिरोजपुर से चलती हैं, एक जम्मू आती है और एक बम्बई जाती है, दोनों का नाम जनता मेल है, उन दोनों गाड़ियों को फिरोजपुर से फाजिल्का तक एक्सटेंड कर दिया जाए क्योंकि फाजिल्का के बहादुर लोग, जो बार्डर पर रहते हैं, उनको कहीं भी जाने के लिए कोई सीधी गाड़ी नही है। तो बगैर कोई नई गाड़ी चलाए अगर जम्मू फिरोजपुर गाड़ी को आप फाजिल्का तक एक्सटेंड कर देंगे तो उस इलाके के बार्डर के बहादुर लोगों का उस तरफ जाने के लिए एक सीधा रूट मिलेगा और आपको कोई नया इन्फ्रस्ट्रक्चर बनाने की जरूरत नहीं होगी। इसी तरीके से जो बम्बई से फिरोजपुर तक गाड़ी जाती है, जनता एक्सप्रैस, उसको भी आप फाजिल्का तक एक्सटेंड कर दें तो बगैर कोई नई गाड़ी चलाए, नया इन्फास्ट्रक्चर किए आप उस इलाके के लोगों को, जो कि बार्डर पर बसे हुए हैं, जो पाकिस्तान की सरहद पर रहते हैं और आपके मुल्क की हिफाज़त करते हैं, उन लोगों की कम से कम यह छोटी सी डिमांड तो आप पूरी करें।

एक बात मैं और आपसे पैसेंजर ऐमिनिटीज़ के मुताल्लिक कहना चाहता हूं। सबसे पहले मेरी शिकायत यह है कि पैसेंजर ऐमिनिटीज़ का जो फंड है, वह पैसेंजर ऐमिनिटीज़ पर खर्च नहीं किया जाता और इसको डाइवर्ट किया जाता हैं पैसेंजर ऐमिनिटीज़ के खर्च की इतनी गुंजाइश है, पैसेंजर ऐमिजिटीज़ इतनी कम है-किसी रेलवे स्टेशन पर चले जाइए, सफाई का बुरा हाल है, किसी लेट्रिन में चले जाइए, पानी नहीं है, बदबू आ रही है, किसी प्लेफार्म पर पंखे नहीं लगे हुए, किसी पर बैंच नहीं है, पीने के पानी का इंतजाम नहीं है, रेल की गाड़ी के डिब्बों की सफाई नहीं है, लेट्रिन में पानी नहीं है इसके बाद भी आप उस फंड को लेप्स होने देते है या दूसरी तरफ उस फंड को आप अगर डाइवर्ट करते हैं तो मैं समझता हूं कि this is a criminal neglect and this must end as early as possible.

एक बात और मैं आपसे कहना चाहता हूं कि हम किस दुनिया में रह रहे हैं। आप कहना चाहते हैं कि हमने बहुत तरक्की कर ली है, जो गाड़ी तीन दिन पहुंचती थी वह 18 घंटे में पहुंचने लगी है। मैं कहना चाहता हूं कि हमें अपने आपको दुनिया से कम्पेअर करना चाहिए कि सारी दुनिया कहां से कहां पहुंच गई हैं। आज भी हमारी गाड़िया 20, 25 किलोमीटर की रफ्तार से चलती हैं, जब कि दुनिया में 600 किलोमीटर की रफ्तार से गाड़िया चलने लग गई हैं। हम कहां बैठे हैं आज? उन ढिचु-ढिचु गाड़ियों को, टूटी-फूटी गाड़ियों को, जिनकी कोई उम्र नहीं है, हम चला रहे हैं। जो भी हमारे कोचिज़ बनते हैं, उनकी कोई उम्र होनी चाहिए कि इसके बाद इन कोचिज़ को रिप्लेस कर दिया जाएगां। आज हालत क्या होती है कि जो बड़े-बड़े रूट हैं, उनको तो हमेशा नए लगा देते हैं लेकिन जो मफसल है, जहां कि हिन्दुस्तान रहता है, गरीब आदमी रहता है, गांव के लोग रहते हैं, उनके लिए आप जब वह पुराने 30 साल बाद डिब्बे घिसे-पिटे रह जाते हैं, तो आप उन रूट्स पर उन डिब्बों को ले जाकर लगा देते हैं। तो आप हिन्दुस्तान के लोगों में डिस्क्रिमिनेट करते हैं। जो बड़े शहरों में रहते हैं, जैसे वह बहुत सिविलाइज्ड हैं, पढ़े-लिखे लोग हैं, अच्छी फेसेलिटि का सिर्फ उनको हक है और जो गरीब लोग हैं, पिछड़े इलाकों में रहते हैं, उन को अच्छी जिंदगी का लुत्फ लेने का कोई अधिकार नहीं है? मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस नुक्ते-नज़र को बदलिए, इस ऐंगल आफ थिंकिंग को बदलिए।

एक दरख्वास्त मैं और करना चाहता हूं कि बाहर के मुल्कों का आप मुकाबला करते हैं अपने आप के साथ। बाहर के मुल्कों में आप जाइए, अपनी घड़ी को, जब गाड़ी चलती है मिला लीजिए, बिल्कुल गाड़ी समय पर पहुंच जाती हैं लोग जब वहां गाड़ी चलती है तो अपनी घड़ियों का टाइम मिलाते हैं, ठीक करते हैं, लेकिन हमारे हिन्दुस्तान में गाड़ी 18-18 घंटे, 22-22 घंटे लेट होती है और जब आप पूछिए रेलवे स्टेशन से तो बताते हैं कि दो घंट लेट है गाड़ी और दो घंटे के बाद जाइए फिर भी आपको 6 घंटे और इंतजार करना पड़ता हैं ऐसा हमारा इंक्वायरी का या इन्फारमेशन का सिस्टम है।

ये बेसिक बातें हैं, ऐलिमेंटरी बातें हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे मुल्क में जो ऐलिमेंटरी फैसिलिटीज रेलवे पैसेंजसै को दी जानी चाहिए, वे भी अभी तक नहीं दी जा सकी हैं। हम अपनी गाड़ियों को समय पर नहीं चला सकते हैं। हम समय की कोई कदर नहीं करते हैं। हमें गाड़ियों को समय पर चलाने की आदत कल्टीवेट करनी चाहिए। कितने ही ऐलान इस हाऊस में किए गए हैं

कि हम गाड़ियों को समय से चलाएंगे, उनको साफ-सुथरा रखेंगे, लेकिन वे ऐलान झूठे साबित हुए हैं।

एक दौर बदला है, अब आप लोग आए हैं। तो आप ही कम से कम इतना करके दिखा दीजिए कि गाड़ियां वक्त पर चलें। आपकी रेलवे कैटरिंग का भी बुरा हाल है और कांट्रेक्टर जो कैटरिंग करते हैं, वे पैसेंजर्स को लूटते हैं और उनकी सेहत के साथ भी खिलवाड़ करते हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि ये जो आप किराए बढ़ाते हैं, इससे जनता पर बहुत बोझ पड़ता हैं। आप टिकटलैस ट्रैवलिंग पर नज़ डालिए, रेलवे में भी करप्शन है। मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है कि डिब्बे के डिब्बे बगैर टिकट यात्रा करने वाले मुसाफिरों से भरे रहते हैं और अगर आप टिकट लेने जाएं तो आपको जवाब मिलेगा कि यह डिब्बा रिजर्व्ड है, यहां कोई सीट नहीं है। केवल 5 आदमियों की टिकट कटती है और बाकी लोग बिना टिकट यात्रा करते हैं। इससे रेलवे का भी नुकसान होता है और जो बोनाफाईड पैसेंजर्स हैं, उनको भी असुविधा होती है। इसका अहसास आपको होना चाहिए।

महोदय, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यह इल्लत बहुत बढ़ रही है और दिन-व-दिन बढ़ रही है। आप ए. सी. या फर्स्ट-क्लास में कहीं भी चले जाइए। आपको केवल 5 बोनाफाईड पैसेंजर्स मिलेंगे और बाकी लोग 200 रुपए देकर चढ़े होंगे और डिब्बा भरा हुआ होगा और कोई पूछने वाला नहीं है। मैंने कई दफा इस मसले को उठाया है लेकिन पता नहीं यह रैकेट क्या है, यह सैट-अप क्या है, कोई इसको तोड़ने के लिए तैयार नहीं है और उसका नतीजा क्या हो रहा है कि आम गरीब आदमी के ऊपर हर बार आप रेलवे किराया का बढ़ाकर इसका बोझ डाल देते हैं। तो मैं आपकी खिदमत में बड़े अदब से दरख्वास्त करूंगा सतपाल महाराज जी, आप रेलवे के भी महाराज हैं, आप हमारी अर्ज़ को सुनिए।

आप कहते हैं कि युग बदला है, एक आम आदमी का राज आया है, एक आम आदमी रेलवे का मिनिस्टर है तो आप आम आदमी की तकलीफों की तरफ भी तवज्जह दीजिए। आप इस रेलवे की किताब से मत पढ़िए। आप अपने दिल की किताब से पढ़िए। आपकी किताब में लिखा है कि रेलवे को इतना रेवेन्यू होता है, इतना कभी नहीं होता। ये सब फिगर्स गलत है।। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आप हकीकत की तरफ ध्यान दीजिए।

आपने जो अच्छी बातें की हैं, मैं उनकी सराहना करता हूं। आपने कहा था कि रेल-बस चलाएंगे। अभी तक मैंने तो कहीं देखी नहीं लेकिन यह एक अच्छा सिस्टम है जहां आप गाड़ियां नहीं चला सकते वहां आप रेल-बस चलाइए। इससे जो छोटे स्टेशनों के लोग हैं, उनको बहुत फायदा पहुंचेगा।

